आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 102 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025

### मौसम विभाग ने दी खुशखबरी: मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, मॉनसूनी बारिश औसत से 105% तक ज्यादा हो सकती है

# इस साल देशभर में होगी सामान्य से ज्यादा बारिश

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने भविष्यवाणी की है कि इस साल मॉनसून के सीजन में देशभर में सामान्य से ज्यादा यानी जोरदार बारिश होगी। मौसम विभाग की यह भविष्यवाणी कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18% का योगदान देता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने मंगलवार को कहा कि इस साल दीर्घकालिक मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, मॉनसूनी बारिश औसत से 105% तक ज्यादा हो सकती है। इसके साथ ही IMD ने पूरे मौसम के दौरान अल नीनो की स्थिति की संभावनाओं को खारिज कर दिया। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "भारत में चार महीने के मॉनसून मौसम (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, और कुल संचयी दीर्घावधि वर्षा औसत से 105 फीसदी ज्यादा यानी 87 सेमी तक रहने का अनुमान है।"

**जानकारी**

**अलनीनो की संभावना नहीं** – उन्होंने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मॉनसूनी वर्षा से जुड़ी अल नीनो जैसी स्थिति के इस बार विकसित होने की संभावना नहीं है। देश में मॉनसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरल में दस्तक देता है। उसके बाद वह आगे बढ़ते हुए पूरे देश में छा जाता है। फिर सितंबर के मध्य में मॉनसून की वापसी शुरू हो जाती है।

**सूखे और पेयजल संकट का जिक्र** – उन्होंने इसके साथ ही कुछ डराने वाली बातों का भी जिक्र किया और कहा कि देश के कुछ हिस्से पहले से ही अत्यधिक गर्मी से जूझ रहे हैं। अप्रैल से जून के बीच अनेक राज्यों में काफी अधिक लू चलने की संभावना है। इससे बिजली ग्रिड पर दबाव बढ़ सकता है और कुछ हिस्सों में सूखे की समस्या खड़ी हो सकती है। पेयजल का भी संकट खड़ा हो सकता है।



### आंधी-पानी का अलर्ट!

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 18 से 20 अप्रैल के बीच आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में 15 से 18 अप्रैल के बीच लू की स्थिति बनी रहेगी। गुजरात में भी 17 अप्रैल तक गर्म हवाओं का असर जारी रहने की संभावना है। 16 से 20 अप्रैल के बीच एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को प्रभावित करेगा। 18 और 19 अप्रैल को इन इलाकों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं का अनुमान है। साथ ही मैदानी इलाकों जैसे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 18 से 20 अप्रैल के बीच आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। पूर्वोत्तर के राज्यों में अगले 5 दिनों तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश जारी रहेगी। 17 अप्रैल को बिहार, झारखंड और ओडिशा में भी तेज बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। दक्षिण भारत में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

## शॉट न्यूज

### लैंड डील में रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने की 6 घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली**। साल 2008 के हरियाणा के एक भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा से 6 घंटे पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। ईडी अधिकारियों ने वाड्रा को बुधवार सुबह 11 बजे फिर से जांच में शामिल होने के लिए कहा है ताकि पूछताछ को आगे बढ़ाया जा सके।

### गोवा में 43 करोड़ की सबसे बड़ी मात्रा में कोकीन जब्त

**पणजी**। गोवा में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही पुलिस ने यहां चॉकलेट और कॉफी के पैकेट में छिपाकर रखी गई 43 करोड़ रुपये से ज्यादा की कोकीन जब्त की है। गोवा के इतिहास में यह सबसे बड़ी मात्रा में ड्रग्स की जब्ती है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन तस्करों का संबंध अंतरराष्ट्रीय गिरोहों से भी हो सकता है ।

### आकाश आनंद की वाई प्लस सिक्योरिटी हटाई गई

**नई दिल्ली**। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा मंगलवार को हटा ली गई। गृह मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया है कि कई वीवीआईपी की सुरक्षा की समीक्षा की गई। इसके बाद आकाश आनंद की सुरक्षा हटाने का फैसला लिया गया है। आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी सुरक्षा में CRPF के करीब 8 से 10 सशस्त्र जवान मिले हुए थे।

### राम मंदिर, दस कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम जन्मभूमि ट्रस्ट और बाराबंकी, चंदौली, अलीगढ़, फिरोजाबाद सहित 10 जिलों के जिलाधिकारियों को भेजे गए ईमेल में राम मंदिर और जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। अयोध्या में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय पुलिस की टीमें तैनात की गई हैं।

### सहारा समूह से 1460 करोड़ की 707 एकड़ जमीन जब्त

**मुंबई**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोलकाता शाखा ने सहारा समूह की लोनावाला स्थित एंबी वैली की 707 एकड़ भूमि अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 1460 करोड़ रुपए है। ईडी को पता चला है कि ये भूखंड बेनामी नामों से खरीदने के लिए सहारा समूह की कंपनियों से पैसे निकाले गए थे।

### मुर्शिदाबाद में बीएसएफ की 9 कंपनियां तैनात

# बांग्लादेशी उपद्रवियों के लिए स्थानीय नेताओं ने तैयार की थी जमीन

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय के सूत्रों की ओर से मंगलवार को बताया गया है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा की शुरुआती जांच में बांग्लादेशी बदमाशों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि बदमाशों को शुरू में स्थानीय नेताओं से मदद मिली होगी, लेकिन बाद में वे बेकाबू हो गए। इस बीच, गृह मंत्रालय पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील जिलों में गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रहा है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने शनिवार को राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने राज्य प्रशासन को अन्य संवेदनशील जिलों पर कड़ी नजर रखने और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की सलाह दी। हिंसा की वारदातों को लेकर केंद्रीय गृह सचिव लगातार पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के संपर्क में हैं। गृह मंत्रालय ने मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की लगभग नौ कंपनियां को भी तैनात किया है। इन नौ कंपनियों में से 300 बीएसएफ कर्मी स्थानीय रूप से उपलब्ध हैं, साथ ही राज्य सरकार के अनुरोध पर अतिरिक्त कंपनियां भी तैनात की गई हैं। इससे पहले, पश्चिम बंगाल के डीजीपी ने जानकारी दी कि मुर्शिदाबाद में स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन नियंत्रण में है और इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। डीजीपी ने आगे कहा कि वे स्थानीय रूप से तैनात बीएसएफ की सहायता ले रहे हैं और 150 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ की स्थानीय टुकड़ियों की मदद से हालात पर काबू पाने की कोशिशें की जा रही हैं।

**एक्शन**



### मुर्शिदाबाद से कई जिलों में फैली हिंसा

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पिछले सप्ताह हिंसा भड़क उठी थी। विरोध प्रदर्शन मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में फैल गया, जिससे आगजनी और पथराव किए गए और सड़कों बवाल किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, हालांकि किसी नई घटना की सूचना नहीं है। सबसे ज्यादा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में निषेधाज्ञा लगा दी गई है और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, जहां हिंसा हुई थी।


### उपद्रवियों को मिला टीएमसी नेताओं का साथ

शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि इन वारदातों में बांग्लादेशी उपद्रवी शामिल थे, जिन्हें कथित तौर पर सत्ताधारी टीएमसी के लोकल नेताओं का साथ मिला। लेकिन, बाद में वे खुद ही नियंत्रण से बाहर हो गए। हिंसा के कारण कई हिंदू परिवार विस्थापित हो गए हैं, जिनमें से कई लोग मालदा भागने को मजबूर हो गए, जिससे नए सिरे से घुसपैठ और सांप्रदायिक अशांति का डर बढ़ गया। केंद्र ने राज्य सरकार से जान-माल की रक्षा करने में विफलता, रेलवे संपत्तियों पर हमले और हिंसा के शुरुआती चरणों के दौरान पुलिस की निष्क्रियता के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की नृशंस हत्या मामले में मंगलवार को 2 आरोपी भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही हिंसा के संबंध में अब तक कुल 221 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# तहव्वुर राणा की वॉइस सैंपल रिकॉर्ड करेगी NIA, खुलेगा 26/11 का राज!

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉइस सैंपल लेने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी जल्द ही कोर्ट में इसके लिए अनुमति मांग सकती है। इतना ही नहीं, वॉइस सैंपल का वैज्ञानिक परीक्षण (साइंटिफिक टेस्ट) भी कराया जा सकता है ताकि यह पुष्टि की जा सके कि जो कॉल रिकॉर्डिंग जांच एजेंसी के हाथ लगी है, उसमें राणा की ही आवाज है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए कॉल रिकॉर्डिंग की उस क्लिप से वॉइस सैंपल का मिलान कराएगी, जिससे यह तय हो सके कि फोन पर बातचीत करने वाला शख्स राणा ही था। अगर यह साबित हो जाता है, तो यह जांच के लिए एक बड़ा सबूत होगा। एनआईए सूत्रों ने बताया कि वॉइस सैंपल लेने की प्रक्रिया एनआईए हेडक्वार्टर में ही की जा सकती है। इसके लिए गृह मंत्रालय के तहत आने वाली सीएफएसएल (CFSL) यानी सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की एक्सपर्ट टीम की मदद ली जाएगी। वॉइस सैंपल लेने की प्रक्रिया विशेष तौर पर तैयार किए गए नॉइस-फ्री (शोर-रहित) रूम में की जाती है, ताकि सटीक परिणाम मिल सकें।



### राणा ने इनकार किया तो

हालांकि, वॉइस सैंपल लेने के लिए आरोपी की सहमति जरुरी होती है। अगर राणा वॉइस सैंपल देने से इनकार करता है, तो जांच एजेंसी अदालत को इसकी जानकारी दे सकती है। ऐसे मामलों में आरोपी की असहमति चार्जशीट के वक्त उसके लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है, क्योंकि यह जांच में सहयोग न करने के रूप में देखा जाता है। अब देखना यह होगा कि कोर्ट से एनआईए को अनुमति मिलती है या नहीं, और राणा वॉइस सैंपल देने के लिए तैयार होता है या नहीं। सूत्रों ने बताया था कि राणा से रोजाना 8-10 घंटे पूछताछ हो रही है। एक सूत्र ने बताया, 'वह पूछताछ में सहयोग कर रहा है।> पूछताछ की अगुवाई एनआईए की मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय कर रही हैं। अब तक राणा ने सिर्फ तीन चीजें मांगी हैं- एक पेन, कुछ कागज या नोटपैड और कुरान। ये सब उसे मुहैया करा दिए गए हैं। जो अन्य आरोपियों को एनआईए के नियमों के अनुसार मिलता है।

### ऑफिसर रैंक के 16.71% पद खाली, हर साल 60 हजार रिटायर हो रहे, भर्ती 40 हजार सालाना

# भारतीय सेना में 1 लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में संसद की स्थायी समिति को यह जानकारी दी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है जबकि एक लाख से ज्यादा पर खाली हैं। इनमें से 92,410 पद जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और नॉन-कमीशंड ऑफिसर (एनसीए) के हैं। यह करीब 7.72% की कमी को दर्शाता है। 1 अक्टूबर, 2024 तक सेना में स्वीकृत पद 11,97,520 के मुकाबले 11,05,110 पद भरे थे। इसके अलावा 16.71% ऑफिसर्स की भी कमी है। 1 जुलाई, 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार सेना में 42,095 ऑफिसर (मेडिकल कोर, डेंटल कोर और मिलिट्री नर्सिंग सर्विस को छोड़कर) हैं, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 50,538 है। इस कमी दूर करने पर मंत्रालय का कहना है कि जैसे-जैसे अग्निपथ स्कीम आगे बढ़ेगी, सैनिकों की कमी पूरी हो जाएगी। वहीं, ऑफिसर्स के खाली पद भरने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और भर्ती प्रक्रिया में सुधार किया गया है। सैनिक भर्ती में उम्मीदवारों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए सर्विस सेलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) के इंटरव्यू में शामिल न हो पाने वालों को दूसरा मौका दिया जा रहा है। इसके अलावा एसएसबी बैच को दोगुना करने और मेडिकल जांच में लगने वाले आठ से दस दिन का समय घटाकर दो से तीन दिन कर दिया गया है। वहीं, अधिकारियों की वैकेंसी हर साल एग्जिट और वेस्टेज के आधार पर निकाली जाती है। अधिकारी भर्ती प्रक्रिया में भी सुधार किया गया है। वर्किंग सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए चेन्नई में ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में नई ट्रेनिंग विंग शुरू की गई है। इसके अलावा टेक्निकल एंट्री स्कीम (10+2 टीईएस) को 3+1 साल के मॉडल में बदला गया है।

**जानकारी**



### कोविड में 2 साल बंद रही भर्ती

सेना से हर साल करीब 60 हजार सैनिक रिटायर हो जाते हैं। कोविड के दौरान दो साल सैनिक भर्ती बंद रही। इस वजह से सेना में सीधे तौर पर 1।20 लाख सैनिकों की कमी हो गई। 2022 में अग्निपथ स्कीम शुरु होने बाद हर साल करीब 40 हजार अग्निवीर सैनिक ही भर्ती हो रहे हैं। इस वजह से कोविड के दौरान बंद हुई भर्ती की कमी पूरी नहीं हो पा रही है।

### वर्ल्ड आर्ट डे पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय में "सृजन सरोकार उत्सव" का भव्य आयोजन

# "कलाएं : हमें मनुष्य बनाए रखती हैं"- डॉ रितेश रंजन

**संवाददाता ● इंदौर**

**आयोजन**

भोपाल। वर्ल्ड आर्ट डे के उपलक्ष्य में स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय,भोपाल में दिनांक 15 अप्रैल 2025 को "सृजन सरोकार उत्सव" मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें स्कोप पब्लिक एच आर. सेकेंडरी स्कूल, सरोजिनी नायडू सरकारी गर्ल्स पीजी कॉलेज, सागर पब्लिक स्कूल (कटारा एक्सटेंशन), तक्षशिला कॉलेज, सेंट जोसेफ़ कॉन्वेंट स्कूल (इदगाह हिल्स), अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, एवं मॉडल एचआर. सेकेंडरी स्कूल और स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय आदि प्रमुख रहे। प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों व रेखाओं के माध्यम से जीवंत किया और सामाजिक कुरीतियों और समकालीन मुद्दों पर प्रभावशाली अभिव्यक्ति दी।

चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम स्थान- आर्यन साहू , द्वितीय स्थान- जय प्रकाश और तृतीय स्थान सुश्री ईशिका श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। वहीं कार्टून प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- आग्रणी मिश्रा द्वितीय स्थान- अभिषेक सोनी और तृतीय स्थान- बद्रीनाथ के वी ने प्राप्त किया। छोटे बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- हर्ष बरेठा, द्वितीय स्थान- सलोनी बरेठा और तृतीय स्थान- हर्षित मिश्रा ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के पश्चात आर्ट अप्रीशीऐशन का वर्कशॉप हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अर्जुन कुमार सिंह ने कार्यक्रम की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला मानवीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक चेतना का आधार है और इसके संवर्धन से ही समाज का विकास संभव है।

वर्कशॉप के मेंटर डॉ. रितेश रंजन (विभागाध्यक्ष, जागरण स्कूल ऑफ डिजाइन, जे एल यू, भोपाल) ने कार्यशाला में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि कला ही एक मात्र जरिया है जिसके माध्यम से मनुष्यों में मनुष्यता







को जीवित रखा जा सकता है। कला ही वह एक माध्यम है जिसके भीतर से सच्चे इतिहास की पड़ताल की जा सकती है। उन्होंने कहा विश्व की कोई भी सभ्यता अपने कलाओं के लिए जानी जाती है अपने युद्धों के लिए नहीं। उन्होंने कहा की Ai से डरने की जरूरत नहीं; यह मनुष्य की सृजनात्मकता को नष्ट नहीं कर सकेगा। आज सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम जाने की कला क्यों और किस उद्देश्य के लिए रच रहे हैं। कला सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बन सकती है।"

स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ विजय सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, "यह दिन न केवल कलाकारों के लिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है जो जीवन में सौंदर्य और रचनात्मकता को महत्व देता है।" डॉ. दृष्टिपल सिंह परिहार ने कहा कि "कला हमारे तनावमुक्त जीवन की कुंजी है और यह मनुष्य की सृजनात्मकता को दिशा देती है।" उन्होंने कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी और कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, रजिस्ट्रार डॉ सीतेश कुमार सिन्हा , डीन मानविकी एवं उदार कला डॉ टीना तिवारी, और वर्कशॉप के मेंटर डॉ. रितेश रंजन के सहयोग हेतु विशेष आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ विजय सिंह एवं डॉ. रितेश रंजन ने प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस उत्सव का आयोजन मानविकी एवं उदार कला संकाय, टैगोरे स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय,भोपाल द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय के सभी छात्रों, अध्यापकों और मीडिया टीम का सफल आयोजन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

---

## शॉर्ट न्यूज

### एक प्लॉट पर बन रहे थे दो मकान, चली जेसीबी

इंदौर। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को नक्शे के विपरीत बन रहे एक निर्माणाधीन मकान को तोड़ने की कार्रवाई की। दरअसल निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। भवन अधिकारी शिवराज यादव ने बताया कि जोन 22 वार्ड 36 में प्लाट नंबर 238 गोयल एवेन्यू पर किशोर पाटीदार द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरीत एक प्लॉट पर दो मकान बनाए जा रहे थे, जिसकी शिकायत क्षेत्रीय रहवासियों ने आयुक्त से जनसुनवाई में की थी। आयुक्त ने क्षेत्रीय भवन अधिकारी को कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके चलते संबंधित व्यक्ति को नोटिस भी जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी निर्माण का काम नहीं रोका गया तो नगर निगम की टीम ने आज रिमूवल की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रभारी अपर आयुक्त लता अग्रवाल, भवन अधिकारी शिवराज यादव, भवन निरीक्षक हिमांशु ताम्रकार, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे अन्य निगमकर्मी व पुलिस का अमला मौजूद था।

### शेल्बी हॉस्पिटल की लिफ्ट में फंसा मरीज

इंदौर। शेल्बी हॉस्पिटल में मंगलवार को गंभीर लापरवाही सामने आई। ऑपरेशन थिएटर से एक मरीज को छठी मंजिल पर ले जाया जा रहा था, तभी लिफ्ट अचानक बीच में बंद हो गई। लिफ्ट में मौजूद ऑपरेटर ने तुरंत मैनेजर को कॉल कर जानकारी दी और इंजीनियर को बुलाने के लिए कहा। कुछ देर बाद अस्पताल की टीम और इंजीनियर ने चौथी मंजिल पर लिफ्ट को मैन्युअली खोला और मरीज के पलंग को दूसरी लिफ्ट में शिफ्ट कर वार्ड तक पहुंचाया। सूत्रों के अनुसार, लिफ्ट में पिछले तीन-चार दिनों से खराबी आ रही थी, लेकिन समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इस संबंध में लिफ्ट ऑपरेटर का कहना है कि वह हर समय ड्यूटी पर नहीं होता, शिफ्ट में बदलाव होता रहता है। हालांकि लोगों का कहना था कि कुछ दिन पहले भी इसी ऑपरेटर की ड्यूटी के दौरान लिफ्ट में समस्या आई थी।

### पुलिस को देख सड़क से उतरी बोलेरो शराब की 40 पेटी सहित 6 गिरफ्तार

इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस ने शराब तस्करी करते हुए 6 आरोपियों को पकड़ा। आरोपी बोलेरो वाहन में शराब की पेटियां भरकर तस्करी के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने वाहन का पीछा कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। बोलेरो से करीब 40 पेटी अवैध शराब बरामद की गई है। डीसीपी जोन-2 अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए कनाडिया थाना पुलिस की टीम ने बायपास स्थित फोनिक्स टाउनशिप के पास बोलेरो MP09WL7588 को रोका। पुलिस को देखते ही आरोपी बोलेरो तेज गति से भगा ले गए, लेकिन जल्दबाजी में वाहन सड़क से नीचे उतर गया। जांच के दौरान बोलेरो में शराब की बड़ी खेप मिलने पर आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने शराब को अवैध रूप से ले जाने की बात कबूली।

---

## 9 स्टेशनों पर 10 समाजसेवी संस्थाओं द्वारा यात्रियों हेतु नि :शुल्क शीतल जल सेवा

**संवाददाता ● भोपाल**

**सेवा**

गर्मियों की तीव्रता को देखते हुए जब शीतल जल की आवश्यकता बढ़ जाती है, ऐसे समय में भोपाल मंडल रेल प्रशासन द्वारा अपने यात्रियों को स्टेशन परिसरों में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न वॉटर कूलर एवं जल नल की व्यवस्था की गई है। इस प्रयास में सेवा भाव से प्रेरित कुछ गैर सरकारी संगठन एवं समाजसेवी संस्थाएं भी सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं, जो यात्रियों की प्यास बुझाने के इस पुनीत कार्य को एक जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान कर रही हैं।

### वर्तमान में मंडल के 9 प्रमुख स्टेशनों

सांची, खिरकिया, हरदा, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, अशोकनगर एवं रुठियाई — पर 10 गैर सरकारी संगठन/समाजसेवी संस्थाएं निःशुल्क जल सेवा का कार्य कर रही हैं। ये संस्थाएं गाड़ियों के आगमन के समय प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हुए यात्रियों को शीतल जल प्रदान करती हैं, साथ ही उनके खाली बोतलों को भी भरने की सेवा प्रदान करती हैं। इन प्रयासों से यात्रियों को गर्मी व यात्रा की थकान से राहत मिलती है और मानव सेवा की एक अनुपम मिसाल प्रस्तुत होती है। रेल प्रशासन द्वारा इन संस्थाओं को स्टेशन परिसर में निःशुल्क जल वितरण हेतु आवश्यक अनुमतियाँ प्रदान की गई हैं। इसके साथ



ही मंडल रेल प्रशासन ने अन्य समाजसेवी संगठनों, स्वयंसेवियों, रोटरी क्लबों एवं अन्य जनकल्याणकारी संस्थाओं से भी अपील की है कि वे इस मानवीय सेवा में आगे आएं। रेल प्रशासन उनकी हरसंभव सहायता करेगा, जिससे यह कार्य और अधिक व्यापकता प्राप्त कर सके। यह सेवा न केवल यात्रियों को राहत प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और सेवा के मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रही है।

---

## महिलाओं की 21 बेटियों को 10 वर्ष तक शिक्षा के लिए गोद लेने का संकल्प

**संवाददाता ● इंदौर**

महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज ने अपने ' सुगंधा शक्ति ' सेवा प्रकल्प के माध्यम से बस्तियों में रहने वाली और घरों में काम करने वाली महिलाओं की 21 बेटियों को उनकी अगले 10 वर्ष तक की शिक्षा के लिए गोद लेने के साथ ही समाज की महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु अक्टूबर माह में म.प्र. वूमन उद्योग फेस्टिवल आयोजित करने का अभिनव संकल्प लिया है। ' सुगंधा शक्ति ' प्रोजेक्ट में प्रकोष्ठ की सखियां महाराजा अग्रसेन के 'एक रुपया एक ईंट सिद्धांत ' के अनुरूप प्रतिदिन एक रुपया का सहयोग प्रदान कर पूरे वर्ष के 365 रुपए का अतिरिक्त सहयोग प्रदान करेंगी। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं विष्णु बिंदल के मार्गदर्शन में स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर प्रकोष्ठ की की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिए गए। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की साधारण सभा मंगलवार दोपहर को अग्रसेन भवन पर संपन्न हुई, जिसमें प्रकोष्ठ से जुड़ी करीब 150 सखियों ने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई। दरअसल, म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने अपने गत इंदौर प्रवास के दौरान प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों से आग्रह किया था कि वे लीक से हटकर कुछ ऐसे सेवाकार्य भी करें, जो अन्य संस्थाओं एवं व्यक्तियों के लिए भी अनुकरणीय हो। गिरीशजी के सुझाव पर अमल करते हुए प्रकोष्ठ ने आज अपनी इस महत्वपूर्ण साधारण सभा की बैठक में 3 स्तर पर सेवा प्रकल्प शुरू करने हेतु 'सुगंधा शक्ति' की स्थापना की और आज से ही इस पर अमल भी शुरू कर दिया।

---

### वैश्य घटकों के विधवा-विधुर

## तलाकशुदा एवं अधिक उम्र के प्रत्याशियों का परिचय सम्मेलन एक जून को



**संवाददाता ● इंदौर**

म.प्र. वैश्य महासम्मेलन द्वारा पहली बार विधवा-विधुर, तलाकशुदा एवं अधिक उम्र के अविवाहित प्रत्याशियों के लिये परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल की प्रेरणा से 1 जून को रवीन्द्र नाट्य गृह में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियां वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल के मार्गदर्शन में शुरू हो गई है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत आयोजन के प्रमुख परामर्शदाता मनोनीत किए गए हं।

संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागडी, नगर अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, सम्मेलन संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिन्दल ने बताया कि सम्मेलन के लिये प्रविष्ठियों का आना शुरू हो गया है। अब तक 350 प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं। इनमे 255 प्रविष्ठियां विधवा-विधुर एवं तलाकशुदा प्रत्याशियों की है, जबकि 100 से अधिक प्रविष्ठियां 37 वर्ष से अधिक उम्र के अविवाहित युवक-युवतियों की है। चार अन्य प्रविष्ठियां दिव्यांग प्रत्याशियों की भी प्राप्त हुई है। अग्रवाल, जैन, चित्तौड़ा वैश्य महाजन, माहेश्वरी, खण्डेलवाल सहित 25 से अधिक वैश्य समाजों के प्रत्याशी इस आयोजन में शामिल होंगे। आयोजन में प्रविष्ठियों का प्रकाशन पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया हैं। इस एक दिवसीय आयोजन के फलस्वरूप सैकड़ो ऐसे लोगो की जिंदगी में दोबारा रौनक आ जाएगी, जो किसी कारण से अपना जीवन साथी खो चुके है या किसी अन्य कारण से अब तक जीवन साथी का चयन नहीं कर पाए हैं। बड़ी उम्र तक अविवाहित रहने वाले युवक-युवती भी इस सम्मेलन में जीवन साथी का चयन कर सकेंगे। कई अधिक उम्र के अविवाहित युवकों ने अपने बॉयोडाटा में विधवा एवं तलाकशुदा युवतियों को भी अपनाने की बात कही है। कई 30 वर्ष से कम उम्र के तलाकशुदा प्रत्याशियों ने अपनी प्रविष्ठि सीमित जानकारी के साथ दी है। सम्मेलन के लिये प्रविष्ठियां vaishyaparinay ऐप्प पर और व्हाट्सएप नंबर 9827072993 पर विशाल पोरवाल अथवा 9303121286 पर भी भेजी जा सकती है। आयोजन की सभी तैयारियां को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन किया जा रहा है। वैश्य संगठनों की बैठक- संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविंद बागड़ी, राजेश इंजीनियर परिचय सम्मेलन संयोजक राजेश गर्ग, शिव जिंदल एवं अभिषेक मित्तल ने बताया कि शहर के वैश्य घटकों के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, बैठक में मौजूद वैश्य घटकों के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी वैश्य घटक अपने –अपने समाज के उपयुक्त प्रत्याशियों को इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे।

---

### एनएचडीसी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर

## सतर्कता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

**आयोजन**

एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल द्वारा दिनांक 14.04.2025 को भारत रत्न बाबा सहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 135वी जयँती के उपलक्ष में जनमानस को भ्रष्टाचार के विरुद्ध लडाई एवँ सतर्कता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बोट क्लब, श्यामला हिल्स मे एक नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से लोगो को संविधान मे निहित मूल अधिकारो के साथ-साथ,





मूल कर्तव्यौं को समझने, उनका पालन करने एवं सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित किए जाने संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनता के बीच एनएचडीसी लिमिटेड, भोपाल के प्रबंधक निदेशक श्री राजीव जैन, महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री विक्रम रावूरू, एवं एनएचडीसी के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। बोट क्लब पर उपस्थित सभी लोगो ने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी सत्यनिष्ठा की शपथ ली। इस मौके पर कुछ छात्रो ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण मे उनके योगदान पर अपने विचार रखे। प्रबंधक निदेशक श्री राजीव जैन द्वारा छात्रो को चाकलेट देकर उनका प्रोत्साहन किया गया।

---

### उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराएं कनेक्शन : श्री क्षितिज सिंघल

# भोपाल शहर व विदिशा वृत्त के अभियंताओं को दिया प्रशिक्षण

**संवाददाता ● भोपाल**

**प्रशिक्षण**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर के सभागार में मंगलवार को भोपाल शहर तथा विदिशा वृत्त के अभियंताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा कि विद्युत प्रणाली में ट्रिपिंग की घटनाओं का विश्लेषण कर तकनीकी रूप से प्रभावी रखरखाव करें जिससे ट्रिपिंग कम से कम होना चाहिए। गर्मी के दौरान ज्यादातर उपकेन्द्रों में अर्थिंग की समस्या आती है, इसलिए वहां अर्थिंग को प्रभावी बनाने के लिए पानी अवश्य डलवाएं। उन्होंने सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने के लिए राजस्व वसूली के साथ-साथ बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने की बात भी कही। उपभोक्ता



सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ता संतुष्टि के लिए निरंतर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर व्यस्त मार्गो एवं बाजारों में गार्डिंग जरूर लगाएं ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अभियंताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी) श्री दीप्ता पाल सिंह यादव, मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र श्री अमृतपाल सिंह, निदेशक (पीडीटीसी) श्री अनिल कुमार खत्री सहित सभी मैदानी महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान नए कनेक्शन के लिए नए नियमों तथा अधोसंरचना विकास के लिए नए प्रावधानों की जानकारी दी गई। अभियंताओं से अपेक्षा की गई कि वे सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से नए कनेक्शन निर्धारित समय सीमा में दें। पेंडेंसी बिलकुल भी न रखें, बल्कि तय अवधि में उपभोक्ता की मांग पूरी करने के लिए तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि अब उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन के लिए एमपी ऑनलाइन व कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के विभिन्न केन्द्रों के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। ग्रामीणों के लिए 5 रुपये में घरेलू तथा कृषि पंप कनेक्शन देने का बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का प्रशिक्षण भी दिया।

प्रबंध संचालक ने कहा कि बकायादारों के बिजली कनेक्शन को प्रभावी रूप से विच्छेदित करें। यदि कोई उपभोक्ता विच्छेदन उपरांत कनेक्शन अनधिकृत रूप से जोड़ लेता है तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करें। धारा 135 व 126 के केस बनाने के दौरान पंचनामा पर हस्तक्षार के लिए स्वतंत्र गवाह जरूर रखें, ताकि बाद में कोई संदेह न रहे। उन्होंने उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट करने की बात भी कही, क्योंकि कई उपभोक्ताओं के पुराने नंबर चल रहे हैं, जो कि संभवतः बंद हो चुके हैं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए समय पर सटीक मीटर रीडिंग दर्ज करने की बात कही। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताने पर भी जोर दिया।

प्रबंध संचालक ने कहा कि उपभोक्ता सेवाओं में कोई कमी नहीं आने पाए ऐसे प्रयास होने चाहिए। खराब तथा जले मीटर योजनाबद्ध ढंग से बदलने का कार्य करें। गैर घरेलू कनेक्शनों और इंडस्ट्रियल पॉवर कनेक्शनों के खराब तथा जले मीटरों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए। बैठक में प्रबंध संचालक ने निर्देशित किया कि जूनियर इंजीनियर अपने कार्यक्षेत्र के मासिक बिलिंग चक्र पर नजर रखें और मीटर रीडरों द्वारा किये गये वाचन तथा राजस्व संग्रहण की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित करें।

### जनसुनवाई में की शिकायत, कार्रवाई का मिला आश्वासन

# राशन दुकान के आटे की रोटी खाई तो शुरू हो गया पेटदर्द

संवाददाता ● इंदौर

कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने विभिन्न शिकायतों को सुना और उनका निराकरण भी किया। इस दौरान रेडक्रॉस के माध्यम से पात्र आवेदकों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। नंदबाग कॉलोनी के चरण सिंह खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की शिकायत लेकर पहुंचे। उनका कहना था कि उन्होंने क्षेत्र की राशन दुकान से आटा खरीदा और जब उसकी रोटी बनाकर खाई तो स्वाद में कुछ गड़बड़ी महसूस हुई। कुछ समय बाद पेट दर्द होने लगा। उन्होंने बताया कि नंदबाग स्थित राशन दुकान से 170 का 5 किलो आटा उन्होने खरीदा था। गड़बड़ी की शिकायत लेकर वे दुकान और संबंधित एजेंसी पर भी गए थे, लेकिन जब समाधान नहीं मिला तो जनसुनवाई में पहुंचे। एजेंसी के कर्मचारी ने 8 से 10 दिन में कार्रवाई होने की बात कही थी। अब हालत ये है कि कई दिनों से वे अपने पड़ोसी के घर खाना खाकर गुज़ारा कर रहे हैं। इस संबंध में असिस्टेंट सप्लाय ऑफिसर का कहना था कि उनके पास जितनी भी शिकायतें आती हैं, उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान कर जिस विभाग से उसका निराकरण होना होता है, वहां सूचित कर देते हैं। आटे संबंधी शिकायत फूड सेफ्टी विभाग के अंतर्गत आती है। इस बारे में जानकारी दे दी गई है और जल्द ही कार्रवाई करेंगे।

**शिकायत**



**ये शिकायतें भी आईं**

जनसुनवाई में जमीन संबंधी विवाद, स्कूल और स्वास्थ्य से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रुप से आईं। अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समय सीमा में इन शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई की प्रमुख बातें जमीन और मकान संबंधी शिकायतें संबंधित तहसीलदार व एसडीएम को जांच के लिए निर्देशित कर समय सीमा में निराकरण करने को कहा गया। इस दौरान रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके तहत एक बालिका के ऑपरेशन के लिए 50 हजार रुपये की मदद स्वीकृत की गई। जनसुनवाई में आने वाली हर समस्या के निराकरण का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है। टीएल की बैठक में निराकरण की प्रगति की अधिकारीवार समीक्षा भी हर सप्ताह की जा रही है।

**कॉलोनाइजर के खिलाफ मोर्चा खोला**

जनसुनवाई में दिव्य विहार कॉलोनी के रहवासियों ने एसडीएम रोशनी वर्धमान को अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने डेवलपर मेसर्स दवे स्टेट डेवलपर्स पर मूलभूत सुविधाओं की कमी और शासकीय नियमों की अवहेलना के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का संचालन सालभर से बंद है। ऐसे में कॉलोनी में जहां-तहां गंदा और बदबूदार पानी बहने से संक्रमण फैल रहा है। पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। ओवरहेड टैंक तक नहीं बनाया गया है। वाटर सप्लाय की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। स्ट्रीट लाइटें अक्सर बंद रहती हैं। इससे असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। जहां-तहां मिट्टी के ढेर पड़े हैं। ड्रेनेज लाइनों के अवरुद्ध होने का खतरा है। गार्डन तो है, लेकिन माली नहीं है और इस कारण पौधे सूख रहे हैं। सुरक्षा गार्ड नहीं होने से चोरी की वारदातें और असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। रहवासियों ने कॉलोनाइजर को नोटिस जारी कर शिकायतों पर तत्काल आवश्यक प्रशासनिक जांच करवाने तथा डेवलपर के खिलाफ कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने डेवलपर से अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण करवाकर मेंटेनेंस सेवाएं नियमित रुप से प्रारंभ करवाने पर भी जोर दिया है। इस मौके पर रहवासियों को बताया गया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत हाल ही में 200 कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज की गई है। 135 कॉलोनियों को वैध किया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनीवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## शॉट न्यूज

### सीवरेज लाइन डालकर सड़क को क्षति पहुंचाई, 12 हजार का स्पॉट फाइन

**इंदौर।** आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार झोन 18 वार्ड 51 विराट नगर में बिना अनुमति के सीवरेज लाइन डालने के लिए रोड तोडकर शासकीय संपति को क्षति पहुंचाने पर संबंधित पक्ष के विरूद्ध 12 हजार का स्पॉट फाइन किया गया। झोनल अधिकारी निर्माता हिण्डोलिया व सीएसआई विनय मिश्रा ने बताया कि झोन क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया कि रोहित सतनाम यादव 338 विराट नगर ने बिना निगम की अनुमति के शासकीय सडक को खोदकर सीवरेज लाइन डालने से शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर स्पॉट फाइन किया गया। निगम अधिकारियों ने रोहित यादव को सीवरेज कनेक्शन के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने की भी समझाइश भी दी।

### जिला बार एसोसिएशन में 3253 वकीलों ने डाले वोट

**इंदौर।** जिला बार एसोसिएशन की वोटिंग मंगलवार देर शाम को समाप्त हो गई। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक मतगणना शुरू हो चुकी थी। देर रात तक परिणाम आएंगे। रात 10 बजे तक की काउंटिंग में अध्यक्ष पद पर लखनलाल यादव आगे चल रहे थे। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र नीम, सचिव पद पर कपिल बिरथरे, सहसचिव पद पर विजय व्यास और कोषाध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम सोमानी आगे चल रहे थे। इन प्रमुख पदों की काउंटिंग होने के बाद कार्यकारिणी के 6 पदों के लिए खड़े 16 प्रत्याशियों के मतों की गिनती शुरू होगी। इसके पहले सुबह 11 मतदान शुरू हुआ। वकीलों के आने का सिलसिला लगा रहा। वोटिंग पर बढ़ते तापमान का असर भी दिखा। दिन में मतदान ज्यादा नहीं हुआ। दोपहर तीन बजे के बाद फिर मतदान में तेजी नजर आई। मतदान स्थल पर तेज गर्मी परेशान न करे, इसके लिए पंखे और कूलर भी लगाए गए थे।

### नहीं हो रही अमरनाथ यात्रा की बुकिंग, बैंक पर किया हंगामा

**इंदौर।** जुलाई में होने वाली अमरनाथ यात्रा की बुकिंग अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने शुरू कर दी है। ऑनलाइन बुकिंग सोमवार से शुरू हुई, लेकिन कुछ देर बाद ही बुकिंग बंद भी हो गई। इसके बाद अमरनाथ यात्रा के इच्छुक लोग इंदौर के जंजीरवाला स्थित जम्मू एंड कश्मीर बैंक में ऑफलाइन बुकिंग कराने पहुंचे, लेकिन बैंक के सर्वर डाउन होने के कारण काम प्रभावित हुआ। इससे नाराज यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दी। माहौल बिगड़ता देख बैंक को शटर बंद करना पड़े। मौके पर तुकोगंज थाने के पुलिस जवान भी पहुंचे और मामला शांत कराया। बैंक के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी थी। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। लोगों को कहना था कि उन्हें यात्रा शुरू होने का पहले सप्ताह में अमर नाथ जाना है, लेकिन बैंक से भी 12 जुलाई के बाद के पंजीयन का कहा जा रहा है।

## जिस दिन अपने हृदय में सदगुणों की प्राण प्रतिष्ठा कर लेंगे

### उस दिन स्वयं परमात्मा भी दौड़े चले आएंगे : उत्तम स्वामी

संवाददाता ● इंदौर

कुंठित, थकी हुई और रूग्ण मानवीयता को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करती है रामकथा। चेहरे का सौंदर्य तो थोड़े बहुत दिनों का होता है, लेकिन मन और विचारों का सौंदर्य कभी नष्ट नहीं होता। जिस दिन हम अपने हृदय में सदगुणों की प्राण प्रतिष्ठा कर लेंगे, उस दिन स्वयं परमात्मा भी दौड़े चले आएंगे। परमात्मा को पाने के लिए अपनी दृष्टि बदलने की जरूरत है। शबरी के बेर में अथवा सुदामा के चावल में कोई प्रेम नहीं था, प्रेम तो उनके सदगुणों और अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा और विश्वास में था। समाज गाय क्या खाती है, इसकी चर्चा नहीं करता वह तो क्या देती है इस पर मंथन करता है। विडंबना है कि हम लोग निर्जला उपवास की जगह निर्लज्ज उपवास करने लगे हैं। उपवास का अर्थ होता है परमात्मा का सानिध्य। ईश्वरीय चरित्र का निर्माण जीवों की भलाई के लिए ही होता है। कुसंग होना तो जन्मजात स्वभाव है, लेकिन सत्संग की प्राप्ति परमात्मा की कृपा के बिना संभव नहीं है। ये दिव्य विचार हैं प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान व्यक्त किए।



कथा में नवलखा, पालदा, चितावद, आनंद नगर एवं आसपास की 50 कालोनियों के भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। कथा शुभारंभ के पहले भाजपा के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. महेन्द्रसिंह, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक जीतू जिराती के साथ संगठन के सुनील बड़गोंदा, संजय हाई-वे, मंडी अध्यक्ष संजय अग्रवाल, अतुल चाय, राजेश सिंघल, आशीष पालदा, गिरधर अग्रवाल, मनीष बंसल, विशाल अग्रवाल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। विद्वान वक्ता की अगवानी मनीषा बंसल, पिंकी गोयल, पूनम गुप्ता, शकुन गर्ग, पूजा गोयल, कामना अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, विभा अग्रवाल एवं अमिता अग्रवाल आदि ने की।

## 24 दिनों से धरना-प्रदर्शन, कोर्ट की शरण लेंगे कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स

**इंदौर।** अपनी मांगों को लेकर कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स धरने पर पिछले 24 दिनों से बैठे है। अब वे कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे है। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य इस मामले में वकीलों से चर्चा करेंगे। चर्चा में कुछ निष्कर्ष निकलता है तो वे कोर्ट में याचिका लगाएंगे। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य वकीलों से मिलने जाएंगे। इसके बाद ही आगे की रणनीति तैयार होगी। दरअसल, कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स कॉलेज के डीन को हटाने की मांग कर रहे है। पिछले 24 दिनों से उनका धरना प्रदर्शन कॉलेज के गेट पर जारी है। उनकी इस मांग को नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्यों ने समर्थन दिया और वे भी इस मांग में शामिल हो गए। प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट्स कई तरह के प्रदर्शन कर चुके है। वे कृषि मंत्री से मिलकर अपनी मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन दे चुके है। मगर अभी तक उनकी मांगों को लेकर कोई निराकरण नहीं हुआ है। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के सदस्य रंजीत किसानवंशी ने बताया कि अब इस मामले में वे कोर्ट जा सकते है। इसके लिए कुछ वकीलों से मुलाकात कर उन्हें पूरे मामले की जानकारी देंगे। संभवतः वे जल्द ही इस मामले में कोर्ट में याचिका लगा सकते हैं, लेकिन पहले वे वकीलों से सलाह लेंगे। अगर कुछ बात बनती है तो वे कोर्ट में याचिका लगा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि कॉलेज के स्टूडेंट्स डीन को हटाने की मांग को लेकर पिछले काफी दिनों से कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन कर रहे है। इसके अलावा भी अलग-अलग तरह का प्रदर्शन कर चुके है, लेकिन उनकी इस मांग का कोई हल नहीं निकला है।

**नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन वकीलों से मिलेगा**

### हाईकोर्ट ने किया सार्वजनिक, मुख्य परीक्षा 9 जून को ही होगी

## MPPSC ने सीलबंद लिफाफे में पेश की कट ऑफ लिस्ट

संवाददाता ● इंदौर

मप्र हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिविजनल ने एक बार फिर राज्य सेवा परीक्षा-2025 से जुड़े मामले में महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने पूर्व में जारी की गई उस अंतरिम रोक को यथावत रखा है, लेकिन हाईकोर्ट में मौखिक टिप्पणी करते हुए यह आश्वासन भी दे दिया है कि संभवतः MPPSC (मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग) की मुख्य परीक्षा तय तारीख पर ही होगी।

कोर्ट ने साफ संकेत दिया है कि जब तक आयोग परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता नहीं अपनाता और अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित नहीं करता, तब तक इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना न्यायसंगत नहीं होगा, लेकिन एमपीपीएससी की ओर से इस मामले में स्थगन आदेश को हटाने को लेकर कोर्ट ने यह कहा कि अगली सुनवाई 6 मई को है और MPPSC की मुख्य परीक्षा 9 जून को है, तो अपनी परीक्षा की तैयारियां शुरू रखिए। तो एक तरह से कोर्ट ने क्या संकेत दे दिए हैं कि सरकार और एमपीपीएससी के जवाब देने के बाद एमपीपीएससी के तय किए गए समय पर ही मुख्य परीक्षा होने वाली है।

**टिप्पणी**

हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में यह स्पष्ट निर्देश दिया था कि मप्र लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा के वर्गवार कट-ऑफ अंक सार्वजनिक करे और यह बताए कि किस वर्ग के कितने उम्मीदवारों को किस श्रेणी में चयनित किया गया है। आयोग ने कोर्ट के आदेश पर कट-ऑफ मार्क्स एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किए, लेकिन जब अदालत ने लिफाफा खोला तो यह स्पष्ट हुआ कि इसमें कोई गोपनीय जानकारी नहीं है, जिससे यह सवाल खड़ा हुआ कि इसे लिफाफे में सील करके क्यों पेश किया गया। कोर्ट ने इसे तुरंत सार्वजनिक करने का आदेश दिया और एक प्रति याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं को भी सौंपे जाने के निर्देश दिए। एमपीपीएससी की ओर से अधिवक्ता ने कोर्ट से यह निवेदन किया कि स्थगन आदेश के चलते एमपीपीएससी की मुख्य परीक्षाएं संचालित नहीं हो पाएंगी, जिससे बड़ी संख्या में छात्रों का नुकसान होगा। एमपीपीएससी ने बताया कि मुख्य परीक्षा का शेड्यूल 9 जून तय किया गया है।

हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश को हटाया तो नहीं, लेकिन मौखिक रूप से आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की अगली सुनवाई 6 मई को रखी जा रही है और उसके एक माह बाद 9 जून को परीक्षाएं हैं तो आप अपनी तैयारी शुरू रखिए। मामले की अगली सुनवाई 6 मई 2025 को निर्धारित की गई है। इस दिन कोर्ट में यह देखा जाएगा कि आयोग और शासन ने अपने-अपने जवाब कितनी गंभीरता और पारदर्शिता से प्रस्तुत किए हैं।

### जल गंगा संवर्द्धन अभियान चलाया गया

## कुएं-बावड़ी-तालाबों की सफाई में रहवासियों ने भी हाथ बंटाया

संवाददाता ● इंदौर

मुख्यमंत्री के आव्हान पर प्रदेश में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत शहर में स्थित प्राचीन कुएं-बावडी व तालाबों के संरक्षण के लिये अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आम नागरिकों ने भी श्रमदान किया। आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत झोनवार/वार्डवार आयोजित कार्यक्रम के तहत झोन 10 वार्ड 40 में जल गंगा संवर्द्धन अभियान में क्षेत्रीय पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार, इंजीनियर शुभम पटेल, एनजीओ एचएमएस ने खजराना तालाब के परिसर में राहगीर व रहवासी संघ के साथ श्रमदान के माध्यम से तालाब की सफाई करवाई। इसके बाद पूजन सामग्री के लिए कुंड का भी निर्माण किया गया। आम लोगों से तालाब में स्वच्छता बनाये रखने की भी अपील की गई। इसके साथ ही झोन 12 वार्ड 59 में क्षेत्रीय पार्षद रूपाली पेंढारकर, झोनल अधिकारी राहुल रघुवंशी, इंजीनियर देवेन्द्रसिंह झालाजी की उपस्थिति में हरसिद्धि झोन के कुएं के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शासकीय मराठी माध्यमिक विद्यालय बख्शी गली, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालक छात्रावास जूनी इंदौर के स्कूल के विद्यार्थियों ने जल गंगा संवर्द्धन से प्रेरित होकर पेंटिंग कार्य किया। झोन 9 वार्ड 26 में क्षेत्रीय पार्षद लालबहादुर वर्मा, झोनल अधिकारी उपयंत्री राम गुप्ता व एनजीओ संस्था एचएमएस ने धारकर गार्डन के पास स्वच्छता जनभागीदारी अभियान के तहत श्रमदान करते हुए, जल गंगा संवर्द्धन अभियान में श्रमदान किया।

**अभियान**




### रणजीत हनुमान मंदिर चलित भंडारा

## एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी, दोपहर में हुआ बाबा का अभिषेक

संवाददाता ● इंदौर

रणजीत हनुमान मंदिर में भंडारा देर शाम शुरू हुआ। बड़ी संख्या में भक्त प्रसादी लेने के लिए आए । भीड़ को देखते हुए मंदिर में चलित भंडारा किया जा रहा है। भक्तों को बॉक्स में प्रसादी दी गयी,ताकि वे अपने साथ ले जा सके। मंदिर के भक्त मंडल के महिला पुरुष व्यवस्था संभाल रहे है। बड़ी संख्या में पुलिस भी व्यवस्था में लगी रही । देर रात तक यहां एक लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने का अनुमान रहा । इससे पहले मंदिर में फूल बंगला सजाया गया। भगवान का सुंदर श्रृंगार हुआ। मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने कहा शाम को भगवान की आरती और छप्पन भोग अर्पित करने के बाद भंडारे की शुरुआत हुआ। इस बार मंदिर के ग्राउंड में बैठाकर प्रसादी खिलाने की व्यवस्था नहीं है। क्योंकि इससे मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है और उन्हें घंटों प्रसादी के लिए इंतजार करना पड़ता है।भक्त अपने घर भी प्रसादी ले जा सकेंगे।

**आयोजन**



**राम भाजी, नुक्ती और पूरी का खास पैकेट**

उन्होंने बताया कि भक्तों को चलित भंडारे में प्रसादी देने के लिए पैकेट की व्यवस्था रखी गई । ग्राउंड में आने के साथ ही एक काउंटर से भक्तों को एक थालीनुमा पैकेट दिया गया जो तीन खन का था । दूसरे काउंटर से राम भाजी, अगले काउंटर से चार से पांच पूरी और चौथे काउंटर से नुक्ती उस पैकेट में परोसी गई । इस पैकेट में ही उसका ढक्कन भी होगा, जिसे बंद करने के बाद भक्त आसानी से उसे ले जा सकेंगे। प्रसादी के लिए 70 क्विंटल से ज्यादा आटा, 160 डिब्बे तेल, 65 डिब्बे शुद्ध घी, 800 क्विंटल बेसन और 16 बोरी शक्कर और मसाले लगेंगे। एक लाख से ज्यादा भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे। चलित भंडारा शाम से शुरु होकर रात तक चलता रहा ।

**भगवान का अभिषेक, प्रसादी की तैयारी**

मंदिर में बाबा रणजीत का दोपहर में अभिषेक शुरु किया गया। अभिषेक के बाद बाबा का श्रृंगार किया हुआ। मंगलवार होने से सुबह से ही मंदिर में भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर के ग्राउंड में प्रसादी बनाई गई । भक्त मंडल के सदस्य भी व्यवस्था संभालने में लगे है। वहीं प्रसादी बनाने वालों की टीम देर तक लगातार प्रसादी बनाते नजर आये ।

# छोटे-बड़े सभी विक्रेताओं के लिए चिल्लर बिग मनी है

सोचिए, आप 10 या 20 रुपये के सिक्के कहां रखते हैं और उसी मूल्य के नोट कहां रखते हैं। ज्यादातर मामलों में पुरुष शर्ट की सामने की जेब में और महिलाएं पर्स की साइड पॉकेट में सिक्के रखती हैं। जबकि नोट पर्स में सलीके से रखे जाते हैं। अब कल्पना कीजिए कि आप अनिच्छा से इन वस्तुओं पर खर्च करने के लिए सहमत हो रहे हैं- आपके साथ चल रहा बच्चा आइसक्रीम मांगता है या आपकी युवा बेटी एक विशेष ब्रांड के बाथ सोप की मांग कर रही है और सुबह से इसके लिए कॉल कर रही है या पत्नी कॉल करके कुछ विशेष सब्जी मांगती है- आप कौन-सा पैसा खर्च करेंगे? एक सर्वेक्षण कहता है कि 99% लोग शर्ट की ऊपरी जेब में रखी चिल्लर खर्च करेंगे, न कि पर्स में रखे नोट।

ऐसा इसलिए है क्योंकि खर्च करते समय, मानव मस्तिष्क सिक्कों को साधारण ह्यचिल्लरह्न मान लेता है और अनिच्छा के कारण ह्यजाने दोह्न वाले एटीट्यूड के साथ पहले इसे खर्च करने के लिए प्रेरित करता है, भले ही उस चिल्लर का मूल्य पर्स में नोट के मूल्य के बराबर हो। प्रबंधन में इसे ह्लसुविधाजनक मूल्य निर्धारण बिंदुह्व कहा गया है। इसका मतलब है कि हर खर्च में उपभोक्ता को लगता है कि उसने अपने प्रियजनों के लिए केवल ह्लचिल्लरह्व खर्च किया है और उसने चतुराई से उन नोटों को बचा लिया है जो उसके दिमाग में चिल्लर से बड़े दिखते हैं। करोड़ों भारतीयों की इस मानसिकता को समझते हुए, ब्रांडेड उपभोक्ता वस्तु कंपनियां बाजार में उसी प्राइज रेंज में नए उत्पाद और वैरिएंट पेश कर रही हैं और छोटे पैक के वितरण और विपणन पर भी ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

कोल्ड ड्रिंक और लस्सी जैसी उपभोग्य वस्तुओं से लेकर शैंपू और साबुन जैसी बॉडी केयर वस्तुओं तक सभी अब सुविधाजनक मूल्य निर्धारण बिंदुओं पर बेची जा रही हैं। इससे निम्न मध्यम वर्ग को उन वस्तुओं का उपभोग करने की क्षमता का एहसास होता है, जिन्हें समाज में विलासिता माना जाता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ स्थापित कंपनियों ने इस बिक्री तकनीक को

**कोल्ड ड्रिंक और लस्सी जैसी उपभोग्य वस्तुओं से लेकर शैंपू और साबुन जैसी बॉडी केयर वस्तुओं तक सभी अब सुविधाजनक मूल्य निर्धारण बिंदुओं पर बेची जा रही हैं। इससे निम्न मध्यम वर्ग को उन वस्तुओं का उपभोग करने की क्षमता का एहसास होता है, जिन्हें समाज में विलासिता माना जाता है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ स्थापित कंपनियों ने इस बिक्री तकनीक को सीखा है। वास्तव में उन्होंने इसे कम पढ़े-लिखे सब्जी विक्रेताओं से सीखा है जो 10 या 20 रुपये में सब्जियों का एक गुच्छा बेचते हैं**

सीखा है। वास्तव में उन्होंने इसे कम पढ़े-लिखे सब्जी विक्रेताओं से सीखा है जो 10 या 20 रुपये में सब्जियों का एक गुच्छा बेचते हैं, विशेष रूप से यह उल्लेख करते हुए कि सस्ती किस्म दो लोगों के लिए है और बाद की किस्म परि-वार के पांच लोगों के लिए है। गर्मियों के कारण चूंकि अब कोई भी सब्जी 50 रुपए से कम नहीं है, ऐसे में कोलकाता से चेन्नई तक के ये सब्जी विक्रेता अब अपनी सब्जियां सुविधाजनक मूल्य निर्धारण बिंदुओं पर बेच रहे हैं। सब्जियों का प्रत्येक गुच्छा, इसमें आलू, प्याज, बैंगन से लेकर गार्निशिंग के लिए हरी मिर्च और टमाटर तक होते हैं, लेकिन दो या पांच लोगों के लिए रोटी के साथ ग्रेवी वाली सब्जी पकाने के लिए पर्याप्त होते हैं। शायद ये भोजन एक समय के लिए होते हैं और यही कारण है कि ये सब्जी विक्रेता दुकान बंद करने से पहले दिन के अंत में अपना गुच्छा बनाते हैं। वित्तीय रूप से थोड़े बेहतर लोगों पर फोकस करते हुए होटल्स भी अपने रेस्तरां में फुटफॉल बढ़ाने के लिए कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार में 14 जनवरी, 2025 को खुले एक रेस्तरां उडुपी आहार का उदाहरण लें, जहां वे सुबह के नाश्ते के दौरान 299 रुपये में असीमित डोसा पेश करते हैं, जो सुबह 11 बजे बंद हो जाता है। हालांकि कई ग्राहक कुछ बाइट्स खाने के बाद डोसा बर्बाद कर देते हैं, लेकिन इससे फुटफॉल में काफी वृद्धि हुई है और लोग धीरे-धीरे दोबारा ग्राहक बन रहे हैं। वह शायद अब ह्लभोजन ही भगवान हैह्व और ह्लभोजन भगवान का प्रसाद हैह्व जैसे नारे पेश कर सकते हैं ताकि भोजन की बबार्दी कम हो सके। लेकिन मुख्य बिंदु एक सुविधाजनक मूल्य निर्धारण बिंदु है जहां ग्राहक को अपनी बचत पर चोट महसूस नहीं होती है। फंडा यह है कि यदि आप किसी चुने हुए कस्टमर बेस को तेजी से और बड़ी संख्या में कुछ बेचना चाहते हैं तो यह पता लगाएं कि आपके पास खर्च करने वाली आबादी में चिल्लर का माइंडसेट पैदा करने के लिए क्या आइडिया है। दूसरे शब्दों में, यह आपकी अफॉर्डेबिलिटी माइंडसेट बनाने की क्षमता पर निर्भर करता है।

## संत वचन

इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा। फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा।

# अमेरिका और चीन भारत की बढ़ती ताकत को जानते हैं

आईएमएफ के अनुसार, 2025 के अंत तक भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं, 2027 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका होगा और केवल अमेरिका और चीन से पीछे होगा। भारत के आलोचक हमें लगातार बताते हैं कि भारत अब भी दुनिया के सबसे गरीब देशों में से है, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 3,000 डॉलर है। तो हमें बढ़ती जीडीपी से क्यों खुश होना चाहिए? सबसे पहले तो यह कि प्रति व्यक्ति आय (पर-कैपिटा इनकम) को विनिमय दरों के कारण ठीक से समझा नहीं जा सकता, इसलिए आईएमएफ देशों के बीच जीवनयापन की लागतों और वेतनमान में व्यापक अंतर को ध्यान में रखते हुए क्रय-शक्ति समता (पर्चेसिंग पॉवर पैरिटी या पीपीपी) का उपयोग करता है।

**एडिट.नोट**

इसीलिए जहां विनिमय दरों के आधार पर प्रति-व्यक्ति आय भारत के लिए 3,000 डॉलर और चीन के लिए 14,000 डॉलर है, वहीं पीपीपी पर यह भारत के लिए 12,000 डॉलर और चीन के लिए 22,000 डॉलर है। ऐसे में दोनों देशों के बीच प्रति-व्यक्ति आय के अनुपात में अंतर घटकर 2:1 से भी कम हो जाता है। इसका यह मतलब नहीं है कि भारत में गरीबी नहीं है। लेकिन ब्रिटिश राज के बाद 1947 में जहां गरीबी की दर 80% थी, वहीं वह अब 8% रह गई है। हालांकि भारत जैसे बड़े देश में गरीबी की 8% दर का मतलब यह है कि लगभग 12 करोड़ भारतीय आज भी रोज कमाकर खा रहे हैं।

ऐसे में गरीबी को खत्म करने का एकमात्र तरीका अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाना है। ट्रम्प के टैरिफ-युद्ध ने चीजों को जटिल बना दिया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विकास की राह पर आगे बढ़ रही थी, लेकिन इन ट्रेड सम्बंधी व्यवधानों ने अस्थायी मंदी की चिंताएं पैदा कर दी हैं। सरकार के आलोचक वैश्विक आर्थिक संकट का इस्तेमाल भारत की भविष्य की संभावनाओं को खारिज करने के लिए करते हैं। लेकिन विदेशी अर्थशास्त्री ऐसा नहीं सोचते।

कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर जैफ्री सैक्स ने हाल ही में कहा कि अधिकांश भारतीय भारत की वास्तविक आर्थिक और भू-राजनीतिक क्षमता को नहीं समझते हैं। भारत सदियों तक दुनिया की सबसे बड़ी या दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जब तक कि अंग्रेज नहीं आए। ब्रिटिश राज के दौरान भारत में गरीबी आई थी। सुधार धीमा और रुक-रुक कर हुआ, खासकर नेहरू-इंदिरा के समाजवादी युग में। वास्तविक आर्थिक सुधार 1991 में नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के साथ शुरू हुए। अब अमेरिका-चीन ट्रेड-वॉर ने भारत के लिए नई भू-राजनीतिक खिड़की खोल दी है। वॉशिंगटन और बीजिंग दोनों ही भारत को अपने पक्ष में चाहते हैं, जो 2030 तक दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं- अमेरिका, चीन और भारत के बीच शक्ति के त्रिकोण के रूप में विकसित हो जाएगा।इन मायनों में भारत एक स्विंग-स्टेट है। चीन ने भारतीय निवेशकों को लुभाना शुरू कर दिया है। अमेरिका 21 अप्रैल को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी को चार दिवसीय यात्रा पर भारत भेज रहा है। भारत को अब अपने पत्ते समझदारी से खेलने चाहिए। चीन को लेकर भारत सतर्क है। उसने चीनी विदेश मंत्री वांग यी की इस टिप्पणी का स्वागत किया है कि ह्यड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ मिलकर नृत्य करना चाहिए। लेकिन नई दिल्ली को इस बात की चिंता है कि चीन भारत में अपने वो सस्ते सामान डम्प कर रहा है।

**चेतन भगत - लेखक**

# क्या चीप-लेबर का दोहन ही तकनीकी सफलता है?

हाल ही में एक स्टार्टअप-सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी ने बड़ी बहस छेड़ दी। उन्होंने भारतीय स्टार्टअप के उदय की प्रशंसा की थी, लेकिन साथ ही डीप-टेक और अत्याधुनिक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। उन्होंने कहा, हम फूड डिलीवरी ऐप्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और बेरोजगार युवाओं को चीप-लेबर में बदल दे रहे हैं, ताकि अमीर लोग अपने घर से बाहर जाए बिना अपना फूड पा सकें। उनकी बात में दम है। भारत में विशेष प्रकार की टेक-कंपनियों का उदय हुआ है, जिन्हें मैं पीएसआर (पुअर सर्विंग रिच) कंपनियां कहता हूं।

इनका बिजनेस-मॉडल दो प्रमुख स्तंभों पर टिका है : एक, बड़ी और समृद्ध आबादी (यानी अमीर) जिसके पास खर्च करने योग्य पैसा और सुविधा के लिए बढ़ती भूख है। और दो, बहुत बड़ी और अपेक्षाकृत अकुशल आबादी (गरीब), जो इस मांग को पूरा करने के लिए कम वेतन पर काम करने को तैयार है। भारत में इन दोनों ही वर्गों के लोगों की कमी नहीं है। गोल्डमैन सैक्स की एक रिसर्च के अनुसार, लगभग 6 करोड़ भारतीय सालाना 10,000 डॉलर (8.6 लाख रुपए) से अधिक कमाते हैं। ये ही लोग ई-कॉमर्स, फूड डिलीवरी और अन्य सुविधा-केंद्रित सेवाओं के मूल उपभोक्ता हैं। अनुमान है कि यह संख्या 2027 तक बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। अब, चीप-लेबर की आपूर्ति पर विचार करें। भारत में असमानता की स्थिति नामक रिपोर्ट में पाया गया है कि प्रति माह 25,000 रु. से अधिक कमाने वाले लोग वेतन पाने वाले शीर्ष 10% लोगों में आते हैं। इसलिए, 15,000-20,000 रु. का मासिक वेतन अभी भी आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए आकर्षक है। 1.4 अरब की आबादी में करोड़ों लोग इन वेतनों पर काम करने के लिए तैयार हैं। यदि हम मान लें कि महीने में 25 कार्य दिवस होते हैं तो 20,000 रु. प्रतिमाह के हिसाब से 800 रु. प्रतिदिन का वेतन हुआ। 10 घंटे के कार्य दिवस के लिए 80 रु. प्रतिघंटा। यह 1 डॉलर से भी कम है। सालाना 10,000 डॉलर से ज्यादा कमाने वाला ग्राहक आसानी से ऐसे 50-100 ऑर्डर दे सकता है। इसमें सभी को लाभ है।

डिलीवरी करने वाला कर्मचारी औसत से ऊपर का वेतन कमाता है। अमीर लोग मिनटों में ही अपने दरवाजे पर डिलीवर किए गए फूड का मजा लेते हैं। टेक फाउंडर्स को सफलता मिलती है और उनमें से कई तो अरबपति या राष्ट्रीय प्रतीक भी बन जाते हैं। वैल्यूएशन बढ़ने से शेयरधारक खुश होते हैं। और औसत भारतीय अपने एनआरआई रिश्तेदारों के सामने देश की तकनीकी क्षमता का बखान करता है कि हम साबुन ऑर्डर करते हैं और वह 10 मिनट में आ जाता है! विकसित देश ऐसा कर सकते हैं? लेकिन यहां पर हम यह अनदेखा कर देते हैं कि यह तभी संभव हो सकता है, जब तक कि एक बड़ा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग किसी भी नौकरी के लिए बेताब न हो। ये वे लोग हैं, जो गांवों से पलायन करके शहर आ रहे हैं, क्योंकि खेती अब लाभदायक नहीं रह गई है। वे शहरों में आते हैं, क्योंकि यहीं ज्यादातर अमीर लोग रहते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहीं पर पीएसआर नौकरियां उपलब्ध हैं। अमीर लोग पहले भी खाना पकाने, सफाई करने और गाड़ी चलाने के लिए सेवकों को काम पर रखते थे। लेकिन आज तकनीक ने माइक्रो-पीएसआर के अवसर रचे हैं। आप एक आलीशान अपार्टमेंट में किसी अमीर आदमी के लिए भले काम नहीं कर सकते हों, लेकिन आप उसे एक सैंडविच जरूर डिलीवर कर सकते हैं- और यह आपकी आजीविका चलाने के लिए पर्याप्त होगा। लेकिन क्या यह वास्तव में अत्याधुनिक तकनीक है? या क्या यह सस्ते श्रम का लाभ उठाने वाली तकनीक है? ये सच है कि इनमें से कई कंपनियां जॉब-क्रिएटर होने का दावा करती हैं और वे सच में ही हजारों लोगों को काम देती भी हैं। लेकिन अगर हम आत्मनिरीक्षण करें तो पाएंगे कि जो हो रहा है, वह वास्तव में भारत को तकनीक के मामले में सबसे आगे नहीं रख रहा है। यह केवल एक ऐसे अवसर का दोहन कर रहा है, जो मौजूद है। बहुत सारे गरीब लोगों को काम चाहिए और बहुत सारे अमीर लोगों को सुविधा। यही कारण है कि बड़ी तादाद में गरीब दिनभर अमीरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए दौड़ते रहते हैं। लेकिन यह कोई ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी नहीं है। यही कारण है कि पीयूष गोयल ने भारत की टेक-फर्मों से जो ऊंचे लक्ष्य रखने का आग्रह किया है, वह वाजिब है। हां, हम जुगाड़-टेक्नोलॉजी में माहिर हैं, लेकिन हम आज भी बड़े पैमाने पर, कॉमर्शियल इनोवेशन नहीं कर पा रहे हैं।

## बिजनेस

**खाने-पीने की चीजों के दाम में कमी**

# मार्च में महंगाई 6 साल के निचले स्तर पर, 3.34% रही रिटेल इन्फ्लेशन

**नई दिल्ली।** रिटेल महंगाई घटकर 5 साल 7 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च में ये 3.34% रही। इससे पहले अगस्त 2019 में महंगाई 3.28% पर थी। मार्च से एक महीने पहले यानी, फरवरी में महंगाई 3.61% पर थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने आज यानी, मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी किए।



महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 3.75% से घटकर 2.67% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 3.79% से घटकर 3.25% और शहरी महंगाई 3.32% से बढ़कर 3.43% हो गई है।महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी उढक करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, उढकउसी को मापता है।

कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।मार्च में रिटेल महंगाई घटकर करीब 6 साल के निचले स्तर पर आ गई है। मार्च में ये 3.34% रही है। इससे पहले अगस्त 2019 में महंगाई 3.28% पर थी। इससे एक महीने पहले यानी, फरवरी में महंगाई 3.61% पर थी। सांख्यिकी मंत्रालय ने आज यानी, मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी किए।

**राज-काज**

## 5 में से एक आईफोन मेड इन इंडिया

मुंबई। मार्च 2024 से मार्च 2025 तक के 12 महीनों में एपल ने भारत में 22 बिलियन डॉलर (करीब 1.88 लाख करोड़) वैल्यू के आईफोन का मैन्यूफैक्चरिंग किया। पिछले साल की तुलना में इसमें 60% की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान एपल ने भारत से 17.4 बिलियन डॉलर (करीब 1.49 लाख करोड़) वैल्यू के आईफोन एक्सपोर्ट किए। वहीं, दुनियाभर में हर 5 में से एक आईफोन अब भारत में बन रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। भारत में आईफोन की मैन्यूफैक्चरिंग तमिलनाडु और कर्नाटक की फैक्ट्रियों में किया जाता है। इसमें सबसे ज्यादा उत्पादन फॉक्सकॉन करता है। फॉक्सकॉन एपल का सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग भी पार्टनर है। इसके अलावा टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और पेगाट्रॉन भी इस बढ़ते उत्पादन में योगदान करते हैं।

# सेंसेक्स 1578 अंक ऊपर 76,735 पर बंद निफ्टी 500 अंक चढ़कर 23,329 पर पहुंचा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार, 15 अप्रैल को बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1578 अंक (2.10%) चढ़कर 76,735 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 500 अंक (2.19%) की तेजी रही, ये 23,329 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही। इंडसइंड बैंक में 6.70%, टाटा मोटर्स में 4.61%, लार्सन एंड टुब्रो में 4.50%, एक्सिस बैंक में 4.23% और अडाणी पोर्ट्स में 4.13% की तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी रही। ठरए के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी में 5.64%, ऑटो में 3.39%, फाइनेंशियल सर्विसेज में 3.28%, मेटल में 3.20% और मीडिया में 2.97% की रही।14 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 312 अंक (0.78%), नैस्डेक कंपोजिट 107 अंक (0.64%) और र&ढ 500 इंडेक्स 42 अंक (0.79%) चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 285 अंक (0.84%) चढ़कर 34,267 पर बंद। कोरिया के कोस्पी में 0.88% (21 अंक) की तेजी रही, ये 2,477 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट में 0.15% की गिरावट है, ये 3,268 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स 0.23% चढ़कर 21,466 पर बंद। 11 अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 2,519.03 करोड़ के शेयर बेचे। जबकि भारतीय यानी घरेलू निवेशकों ने 3,759.27 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे9 अप्रैल को चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले के बाद वहां का बाजार 12% चढ़कर बंद हुआ था। वहीं अगले दिन सुबह यानी, 10 अप्रैल को एशियाई बाजारों में 10% तक की तेजी आई।भारतीय बाजार कल यानी गुरुवार 10 अप्रैल को महावीर जयंती के कारण बंद था। इसीलिए आज अमेरिकी और एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार ऊपर है। 90 दिनों की अस्थायी राहत से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (इळअ) के बारे में चल रही चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है। पिछले हफ्ते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (11 अप्रैल) को सेंसेक्स 1310 अंक (1.77%) की तेजी के साथ 75,157 के स्तर पर बंद हुआ।

# मार्च में व्यापार घाटा बढ़कर 1.84 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** इंपोर्ट में बढ़ोतरी के कारण भारत का मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापार घाटा मार्च 2025 में बढ़कर 21.54 बिलियन डॉलर (1.84 लाख करोड़ रुपए) हो गया है। ये पिछले महीने की तुलना में 34% ज्यादा है। फरवरी में व्यापार घाटा 14.05 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़ रुपए) था। वहीं मार्च में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट सालाना आधार पर 0.7% बढ़कर 41.97 बिलियन डॉलर (3.60 लाख करोड़ रुपए) पहुंच गया है।



देश में इंपोर्ट 11.4% बढ़ा इंपोर्ट की बात करें तो मार्च में भारत का इंपोर्ट 63.51 बिलियन डॉलर 5.44 लाख करोड़ रुपए रहा। ये फरवरी के मुकाबले 1.02 लाख करोड़ ज्यादा है। पिछले महीने भारत में 4.42 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट हुआ था।

फरवरी में व्यापार घाटा 3 साल में सबसे कम रहा व्यापार घाटा फरवरी 2025 में घटकर 14.05 बिलियन डॉलर (1.21 लाख करोड़ रुपए) हो गया था। ये घाटा अगस्त 2021 बाद से सबसे कम है था। फरवरी में मर्चेंडाइस एक्सपोर्ट 3.20 लाख करोड़ रुपए रहा। जनवरी में ये 3.16 लाख करोड़ रुपए था। इसमें 1.25% की बढ़ोतरी हुई थी। फरवरी में इंपोर्ट की बात करें तो ये जनवरी के मुकाबले 13.59% कम रहा था। फरवरी में भारत का इंपोर्ट 4.42 लाख करोड़ रुपए रहा। ये जनवरी के मुकाबले 73,000 करोड़ रुपए कम था। जनवरी में भारत में 5.15 लाख करोड़ रुपए का इंपोर्ट हुआ था।जब एक निश्चित टाइम पीरियड को दौरान देश का इंपोर्ट यानी विदेशों से मंगाए गए सामान की वैल्यू देश के एक्सपोर्ट यानी देश देश के बाहर भेजी जाने वाली सामानों की वैल्यू से ज्यादा हो जाता है।

ऐसी स्थिति में भारत का पैसा विदेशों में ज्यादा चला जाता है, इसी स्थिति को ट्रेड डेफिसिट या व्यापार घाटे कहा जाता है। इसे निगेटिव बैलेंस ऑफ ट्रेड भी कहते हैं। दूसरे शब्दों में, जब कोई देश बेचने से ज्यादा खरीदता है, तो उसे ट्रेड डेफिसिट कहा जाता है।



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में हिंसा के बीच अपने घरों से भागकर राहत शिविर में विस्थापित लोग।

## सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन, न्याय, वीरता और दानशीलता का स्थापित किया महत्व

# सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य अतीत का प्रकटीकरण : सीएम

### सीएम यादव सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा को राष्ट्रपटल पर लाए : मंत्री सिंधिया

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश की राजधानी में लाल किले की प्राचीर पर ऐतिहासिक महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन उस युग को जीवंत करने का प्रयास है। यह विश्व में भारत द्वारा सुशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में कारगर रहेगा। फिल्मों के निर्माण और डिजिटल युग के बावजूद प्राचीन नाट्य परम्परा से परिचित करवाने वाले इस महानाट्य के अंश अविस्मरणीय रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली में तीन दिवसीय महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य के मंचन के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में महानाट्य के कलाकारों का सम्मान भी किया गया। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि, धर्म और आध्यात्म क्षेत्र की हस्तियां और बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास का मंत्र दिया है। वास्तव में वर्तमान काल अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं। आज भारत की गरिमा विश्व में निरंतर बढ़ रही है। एक समय था जब सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, वीरता और सुशासन के महत्व को स्थापित किया। सम्राट विक्रमादित्य के युग को पुनः महानाट्य के माध्यम से जीवंत किया गया है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विभिन्न पक्षों को महानाट्य के माध्यम से आमजन सामने लाने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

**संबोधित**





**विशिष्ट अतिथियों का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में महानाट्य के मंचन को देखने के लिए पधारे राज्य सभा के उप सभापति हरवंश सिंह, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, स्वामी अचलानंद जी, मध्यप्रदेश के मंत्री राकेश सिंह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, नरेंद शिवाजी पटेल, दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद का उपस्थिति के लिए आभार माना और संस्कृति मंत्रालय एवं विक्रमादित्य शोध पीठ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। केंदीय संचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारत के इतिहास के महान योद्धा और कुशल शासक सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति में आयोजित महानाट्य के माध्यम से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इनकी गौरवगाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाने का श्रेष्ठ काम किया है। भविष्य में इसे विश्व पटल पर भी पहुंचाया जाएगा।

**नाट्य विधा प्राचीन विधा है, इसका आज भी है महत्व**

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि नाट्य विधा एक प्राचीन विधा है। आज के डिजिटल युग में भी इस विधा का महत्व बरकरार है। फिल्मों के निर्माण के साथ अनेक माध्यमों से कला और संस्कृति के दर्शन होते हैं लेकिन महानाट्य से सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और शासन काल को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है। यह महानाट्य हमारे इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ और गौरवशाली अतीत से परिचय करवाता है। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के मंचन के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान करने के लिये दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शॉट न्यूज

### छुट्टी लेकर गया टीआई हुआ फरार!

**नीमच**। मध्य प्रदेश के नीमच में 16 साल पहले हुए एक कथित फर्जी एनकाउंटर का मामला फिर से सुर्खियों मंल है। इस मामले में ग्वालियर के झांसी रोड थाने में तैनात टीआई मंगल सिंह पपोला सीबीआई की कार्रवाई के दायरे में आ गए हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ एक वारंट जारी किया है, लेकिन जब यह वारंट लेकर सीबीआई कांस्टेबल थाने पहुंचा, तो पपोला वहां नहीं थे। इसके बाद जब टीआई से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनको कुछ भी पता नहीं चला। पपोला अपना मोबाइल फोन बंद करके अंडरग्राउंड हो गए। अब वे स्पेशल पे लीव लेकर फरार हो गए हैं। नीमच थाने की पुलिस ने 2009 में दावा किया था कि उन्होंने 7 और 8 फरवरी की रात नशे के तस्कर बंशी गुर्जर को एनकाउंटर में मार गिराया है। इस घटना के बाद पूरे राज्य में नीमच थाने की पुलिस ने खूब सुर्खियां बटोरी थी।

### कथावाचक पति मांगता है दहेज, रोज करता है पिटाई

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर के महिला थाने में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। जिसमें पीड़ित महिला ने अपने ससुराल पर कई आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि उसके ससुराल वाले उसे दहेज के प्रताड़ित करते हैं और उसके साथ मारपीट करते हैं। इसलिए महिला अपनी शिकायत लेकर महिला थाने पहुंची है। महिला ने शिकायती आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल, ग्वालियर की रहने वाली 22 वर्षीय दिया रावत की शादी दो साल पहले अंकित रावत से हुई थी, जो छतरपुर के नौगांव का रहने वाला है। दोनों की हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी। अंकित रावत एक कथा वाचक है। अंकित रावत की कथाओं से प्रभावित होकर ही दिया रावत की शादी अंकित से कराई गई थी।

### मदद के लिए सड़क पर चीखता रहा युवक

**नरसिंहपुर**। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले नें देर रात को एक बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बुरी तरह से घायल हुआ युवक सड़क पर बीचों बीच पड़ा हुआ आने-जाने वालों लोगों से मदद की गुहार की, लेकिन अस्पताल पहुंचाने के लिए चीखते-चिल्लाते युवक की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। रिपोर्ट के मुताबिक हादसा देर रात गाडरवारा के बाहरी रोड पर हुआ, जब बाइक से जा रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन आगे बढ़ गया, लेकिन दुर्घटना के बाद बीचों बीच सड़क पर घायल युवक को वहां से गुजर रहे किसी भी राहगीर ने अस्पताल पहुंचाने की जहमत तक नहीं की। बताया जाता है हादसा पीजी कॉलेज गेट के सामने हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त हुए बाइक सवार को पैरों में गहरी चोट आई थी।

## टपकती छत.. टूटे दरवाजे! ऐसे क्वॉर्टरों में रहते हैं सरकारी कर्मचारी

### शहडोल में पांडव नगर स्थित सरकारी आवास जर्जर

संवाददाता ● शहडोल

मध्य प्रदेश के शहडोल जिला मुख्यालय में पांडवनगर स्थित सरकारी कर्मचारियों के रहने के आवासों की हालत जर्जर हो गयी है। जर्जर टूटे आवास अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं, घरों की छतों में पन्नियां और बरसाती लगी हैं, सीवेज की समस्या है। छत उखड़ी पड़ी है, दीवारों के प्लास्टर झड़ गए हैं, खिड़कियां और दरवाजे टूटे हुए हैं, खंडहर हो रहे इन सरकारी आवासों की कई साल से मरम्मत नहीं कराई गई है। मीडिया की टीम इन सरकारी आवास में पहुंची और यह रहने वाले कर्मचारियों से बात की। जानकारी अनुसार ये आवास शहडोल जिला मुख्यालय पांडव नगर में स्थित हैं। कर्मचारियों के रहने के लिए बनाए गए इन सरकारी आवासों की हालत बदहाल हो चुकी है। इन्हीं जर्जर आवासों में कर्मचारी रहते हैं। हैरानी की बात यह है कि शहडोल का लोक निर्माण विभाग हर साल इन आवासों की मरम्मत और पेंटिग पुताई के नाम पर लाखों रुपये के टेंडर निकालकर खर्च कर देता है। लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि मरम्मत के नाम पर पीडब्ल्यूडी द्वारा लाखों रुपये मात्र कागजों में खर्च किये जा रहे हैं, जिसके चलते ये आवास पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। बारिश में इन मकानों की छत से पानी टपकता है। दीवारों और छतों के प्लास्टर उखड़ गए है, छतों और दीवारों में सीपेज आ गया है। दरवाजे खिड़कियां टूट गयी है।



**रहवासी कर्मचारियों ने क्या कहा?**

यहां रहने वाले कर्मचारियों ने बताया कि हम इन्हीं टूटे जर्जर मकानों में रह रहे हैं, कई बार आवासों की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को कहा, लेकिन कोई मरम्मत नहीं हुई, हम लोग खुद इन आवासों की मरम्मत और पुताई कराकर किसी तरह रह रहे है। बारिश के दौरान यहां के कर्मचारी और परेशान हो जाते हैं, छत टपकती है। इस समस्या से तंग आकर कुछ कर्मचारी तो बारिश में इन आवासों को छोड़ कर किराए के मकान में रहने चले जाते हैं। कर्मचारियो का कहना है कि कई साल से खुद हम लोग थोड़ा बहुत मरम्मत कराकर रह रहे है। पीडब्ल्यूडी वाले नहीं आते। वहीं इन आवासों की मरम्मत के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## शादी में डीजे बजाने पर 11 हजार जुर्माना सड़क पर महिलाओं का डांस भी बैन...

**हरदा**। मध्य प्रदेश के हरदा जिले में गुर्जर समाज ने फरमान जारी किया है कि शादी-विवाह या किसी भी मंगल अवसर पर डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। डीजे बजाने वाले व्यक्ति को 11000 रुपए का जुर्माना देना होगा। अगर जुर्माना नहीं चुकाया गया, तो उसे छह महीने के लिए समाज से बहिष्कृत कर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि इस अवधि में समाज के लोग उसके यहां न तो आएंगे और न ही उसे सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल करेंगे। इसके अलावा, समाज ने यह भी फैसला किया कि शादी-विवाह या अन्य मंगल अवसरों पर गुर्जर समाज की महिलाएं सड़क पर नृत्य नहीं करेंगी। समाज का मानना है कि सड़क पर नृत्य के दौरान असामाजिक तत्व महिलाओं के वीडियो बनाकर उन्हें वायरल कर सकते हैं। हालांकि, घर, आंगन, या निजी परिसर में नृत्य पर कोई रोक नहीं है। हरदा के गुर्जर मंगल भवन में भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा की कार्यकारिणी की पहली बैठक हरगोविंद मोकाती की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान अध्यक्ष सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने शपथ ली। सभा के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण दुगाया ने बताया, 'समाज के उत्थान और एकता के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, और नियम तोड़ने वाले परिवार को 11000 रुपए का जुर्माना देना होगा। जुर्माना नहीं चुकाने पर छह महीने का सामाजिक बहिष्कार होगा। इसके अलावा, शादी-विवाह में शराब के सेवन पर भी रोक लगाई गई है। सड़क पर महिलाओं के नृत्य को प्रतिबंधित किया गया है ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो।' समाज के मीडिया प्रभारी अशोक गुर्जर ने बताया कि कार्यकारिणी से प्राप्त राशि को शिक्षा के विकास पर खर्च किया जाएगा। समाज ने इन फैसलों को लागू करने के लिए सभी सदस्यों से सहमति ली है, और इन नियमों का पालन तत्काल प्रभाव से शुरू हो गया है।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर शरबत पिलाया, 15 दिन से कर रहे प्रदर्शन

## शराब दुकान शिफ्ट नहीं, विरोध में लोग



संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के सेमरा गेट साईंराम कॉलोनी में शराब की दुकान खुलने के विरोध में लोग पिछले 15 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। आज, सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वे शराब दुकान के सामने राहगीरों को शरबत पिलाया। उनका कहना है कि जब तक दुकान नहीं हटेंगी, वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। शराब दुकान की शिफ्टिंग को लेकर लोग सुंदरकांड का पाठ, राहगीरों को गुलाब के फूल और आबकारी विभाग की प्रतीकात्मक रूप से शव यात्रा तक निकाल चुके हैं। वहीं, रविवार को उन्होंने आबकारी विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन कर रहे जीतू मरोठिया ने बताया, जिस जगह पर दुकान खुली है, ठीक उसके सामने ही प्रदर्शन कर रहे हैं। सद्बुद्धि के लिए हवन भी कर चुके हैं। बावजूद अब तक दुकान को हटाने की पहल नहीं की गई। इसलिए सोमवार की रात में लोगों को शरबत का वितरण कर रहे हैं।

**प्रदर्शन**

**इसलिए विरोध** - कॉलोनी के लोग पिछली 4 जनसुनवाई में शराब दुकान को दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की भी मांग कर चुके हैं। कई महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर अफसरों के पास पहुंची थी। महिलाओं ने जल्द दुकान शिफ्ट नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। उनका कहना है कि कई बार शराबी गंदी हरकतें करते हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। रहवासी विशाल कुरील, छोटू प्रजापति, शुभ जनता ने कहा कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन के बावजूद अब तक शराब की दुकान नहीं हटाई गई है। इसलिए अब उग्र प्रदर्शन करेंगे।

**इधर, आबकारी विभाग ने कार्रवाई की**

दूसरी ओर, आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार को शहर के कई बार में पहुंचकर कार्रवाई की। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि हर दिन बार में पहुंचकर जांच की जा रही है। सोमवार को हाउस नंबर-230, रीमिक्स बार, टर्निंग पॉइंट आदि बार को जांच किया। जिसमें बार पर संगृहित मदिरा स्टॉक, परमिट आदि चैक किए गए। गुरुवार को नारियलखेड़ा समेत कई जगहों पर भी कार्रवाई हुई।

## पीडब्ल्यूडी के 15 इंजीनियरों पर करप्शन का केस

संवाददाता ● भोपाल



लोक निर्माण विभाग के भवन विकास निगम और सड़क विकास निगम में पदस्थ इंजीनियर करप्शन के घेरे में हैं। इसमें रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता रह चुके और प्रमुख अभियंता भवन जीपी मेहरा का भी नाम है। इसके अलावा प्रमुख अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री स्तर के 15 इंजीनियरों पर भ्रष्टाचार के मामलों में लोकायुक्त और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जांच कर रहे हैं। इस मामले में खास बात यह है कि कुछ इंजीनियरों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जबकि कुछ इंजीनियरों के विरुद्ध 15 साल से जांच और न्यायालय की प्रक्रिया चल रही है।

**केस**

विभाग में एक दशक से अधिक समय से जिन इंजीनियरों के विरुद्ध लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में केस चल रहे हैं उनकी जानकारी लिए जाने के बाद ये नाम सामने आए हैं। इसमें 13 साल पहले बनाई गई चंदेरी मुंगावली रोड के करप्शन के मामले में एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर रहे जीपी मेहरा भी जांच के घेरे में हैं।

मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के प्रभारी उप महाप्रबंधक डिवीजन आफिस मंडला ललित चौधरी के विरुद्ध सीएम राइज स्कूल के निर्माण में केंद्र और राज्य सरकार की राशि का दुरुपयोग करने और भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत ईओडब्ल्यू में की गई है। यह शिकायत वर्ष 2024 में की गई है जिसकी जांच चल रही है। लोकायुक्त पुलिस में राघवेंद्र सिंह किरार सहायक जनरल मैनेजर लोक निर्माण विभाग के भवन विकास निगम के विरुद्ध वर्ष 2023 में की गई है।

भवन विकास निगम के उप महाप्रबंधक तकनीकी संविदा पद पर पदस्थ निशांत पचौरी के विरुद्ध ईडब्ल्यूएस कोटे का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी पाने और अधिक आय अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) में एक साल पहले अप्रेल 2024 में शिकायत की गई है जिसकी जांच अभी जारी है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर



संवाददाता ● भोपाल

सोमवार रात राजधानी की लिंक रोड-1 पर कांग्रेस दफ्तर के पास एक तेज़ रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार बेहद तेज़ थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का बंपर मौके पर गिर गया, साथ ही नंबर प्लेट भी टूट गई। पुलिस को मौके से इनका एक हिस्सा मिला है, जिससे वाहन की पहचान की जा रही है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार घायल युवकों को डायल-100 की टीम ने फौरन अस्पताल पहुंचाया। बाद में परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है और कार सवारों की तलाश की जा रही है। घटना के समय मौजूद लोगों की माने तो लोगों का कहना है कि कार में एक युवक और युवती मौजूद थे, जो घटना के बाद मौके से फरार हो गए।

### भोपाल के कोलार में सड़कों को देखने पहुंचे विधायक, बंजारी स्टेडियम का लिया जायजा

## CI चौराहे से बंसल हॉस्पिटल तक लगेंगे सिग्नल

संवाददाता ● भोपाल

भोपाल के कोलार रोड स्थित सीआई चौराहा से बंसल हॉस्पिटल के बीच ट्रैफिक सिग्नल भी लगेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार सुबह सड़क का निरीक्षण कर अफसरों को यह निर्देश दिए। विधायक कोलार की निर्माणाधीन सड़कों को देखने पहुंचे थे। उन्होंने बंजारी स्थित स्टेडियम भी देखा। विधायक शर्मा ने सीआई चौराहे से बंसल हॉस्पिटल अस्पताल तक बन रहे फोरलेन 'अवध मार्ग' का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

**जायजा**

इस दौरान उन्होंने स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सहित कनेक्टिंग रोड के निर्माण संबंधी निर्देश दिए। विधायक ने केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाले फोरलेन सड़क निर्माण कार्य एवं बंजारी के इनडोर स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। बता दें कि बंसल हॉस्पिटल तिराहे से कोलार रोड स्थित सीआई चौराहे तक पीडब्ल्यूडी 5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 40 करोड़ रुपए से कर रहा है। दानिश चौराहा और सीआई चौराहे के पास कुछ काम बचा है, जिसे विधायक ने पूरा करने को कहा। विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यह अवध मार्ग मुखर्जी नगर कोलार के यातायात की सुगमता को और अधिक बेहतर कर रहा है। मुखर्जी नगर कोलार के प्रत्येक क्षेत्र को फोरलेन अथवा सिक्स लेन से जोड़ा जाए।

केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाली फोरलेन सड़क अपने निर्माण के बाद नागरिक सुविधा को और सुगम बनाएगी। साथ ही क्षेत्र की प्रगति से नागरिक प्रगति के अवसरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगी।



**यह भी निर्देश दिए**

- स्ट्रीट लाइट का कार्य जल्द शुरु किया जाए।
- सड़क के साथ ड्रेनेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो।
- कनेक्टिंग रोड का निर्माण भी गति लाने के निर्देश दिए।
- विराशा हाईट-अग्रसेन चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाए।
- विराशा हाइट कालीबाड़ी मंदिर के पास कलियासोत नदी पर इसी मार्ग पर बनने वाले पुल को लेकर भी निर्देश दिए।
- केरवा डेम से सेमरी तक बनने वाले फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाना है।
- बंजारी में बन रहे मुखर्जी स्टेडियम को देकर विभिन निर्देश दिए।

# हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनीं प्रियंका

## जैक एफ्रॉन के साथ आएंगी नजर

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच' के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।



# रणवीर सिंह-रणबीर कपूर में ज्यादा स्टाइलिश कौन?



सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार ने बताया कि वह अभिनेता रणवीर सिंह और रणबीर कपूर की खास स्टाइल और आत्मविश्वास के कायल हैं। यह पूछे जाने पर कि इंडस्ट्री में सबसे स्टाइलिश शख्स कौन है और क्यों? इसका जवाब रणवीर बरार ने दिया है। रणवीर ने बताया, 'मुझे लगता है कि रणवीर सिंह और रणबीर कपूर दोनों ही अपने-अपने तरीके से स्टाइलिश हैं। रणवीर सहि हर चीज को इतनी सहजता से निभाने और उसे अपना हिस्सा बनाने के आत्मविश्वास के लिए और रणबीर कपूर हर चीज को शालीनता, सहजता और सहजता के साथ निभाने और जो कुछ भी पहनते हैं उसमें उसे अभिव्यक्त करने के लिए।' अपनी व्यक्तिगत शैली पर विचार करते हुए रणवीर बरार ने कहा, 'मेरे लिए, मैं जो भी पहन रहा हूं, उस पर अपना आत्मविश्वास दिखाने की क्षमता हमेशा मायने रखती है और कुछ ऐसा पहनने की क्षमता जो आपको अपना हिस्सा लगे। कुछ ऐसा पहनने की क्षमता जो आपके लिए आसान हो - जो आपको अपना बना ले, जो आपको अच्छी तरह से व्यक्त करे।' अपनी आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए रणवीर बरार ने कहा कि इस बार उनकी किताब कविता और फोटोग्राफी पर आ रही है, भोजन पर नहीं। उन्होंने कहा कि वह दुबई में अपना दूसरा रेस्तरां भी खोल रहे हैं। इसके अलावा, रणवीर अमेजन के आगामी शो 'मा का सम' का भी हिस्सा होंगे। अपनी अगली फिल्म में वह अभिनेत्री मोना सिंह के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे।

# 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो के अभिनेता सावी ठाकुर ने साझा किए अपने फिटनेस सीक्रेट्स, कही ये बातें!



फिटनेस को इतना कठिन बनाना जरूरी नहीं है, बस हर दिन खुद के लिए समय निकलना मायने रखता है। 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का किरदार निभा रहे अभिनेता सावी ठाकुर ने हाल ही में अपने फिटनेस रूटीन और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर कई खास बातें साझा कीं। व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के बावजूद सावी फिटनेस को अपनी प्राथमिकता मानते हैं और काम व स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाकर चलने में विश्वास रखते हैं।

वर्कआउट को ज़िंदगी का जरूरी हिस्सा बताते हुए सावी बताते हैं, "अभिनय की व्यस्तता और फिटनेस के बीच तालमेल बिठाने के लिए प्लानिंग की जरुरत होती है। मैं वर्कआउट को एक जरूरी अपॉइंटमेंट की तरह मानता हूँ और उसे अपने डेली कैलेंडर में शामिल करता हूँ ताकि नियमितता बनी रहे। मेरे वर्कआउट प्लान फ्लेक्सिबल होते हैं, जिन्हें हर दिन के हिसाब से बदला जा सकता है। बहुत व्यस्त दिनों में मैं छोटे, लेकिन असरदार हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट्स करता हूँ या ऐसे बॉडीवेट एक्सरसाइज़ चुनता हूँ जो कहीं भी किए जा सकते हैं।" वे आगे कहते हैं, "संतुलित पोषण मेरी सेहत का आधार है। मैं ऐसे संपूर्ण और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देता हूँ जो मुझे दिनभर ऊर्जा देते हैं और रिकवरी में मदद करते हैं। सही आहार न सिर्फ मेरे शरीर को बल्कि दिमाग को भी चुस्त बनाए रखता है जो इस इंडस्ट्री में बेहद ज़रूरी है।" सावी मानते हैं कि नियमित व्यायाम का मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। "वर्कआउट मुझे तनाव से दूर रखता है, मूड बेहतर करता है और ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है। जब हालात चुनौतीपूर्ण होते हैं, तो पसीने में बहते एंडॉर्फ़िन मुझे सकारात्मक बनाए रखते हैं।" अभिनेता कहते हैं, "इंडस्ट्री में एक निश्चित लुक का दबाव ज़रूर होता है, लेकिन मैं बाहरी अपेक्षाओं की बजाय अपने स्वास्थ्य और ताक़त को प्राथमिकता देता हूँ। मैं अपने खुद के फिटनेस गोल सेट करता हूँ और उसी पर ध्यान केंद्रित करता हूँ।" फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाना ज़रूरी है वे बताते हैं "मैं लिफ्ट की जगह सीढ़ियाँ लेना, पानी खूब पीना और नींद पूरी करना जैसे छोटे मगर असरदार काम रोजाना करता हूँ। इन आदतों को दिनचर्या में शामिल कर मैं काम में बिना किसी समझौते के अपने स्वास्थ्य को बनाए रखता हूँ।" 'रिश्तों से बंधी गौरी' एक साहसी महिला गौरी की कहानी है, जो एक अनचाही शादी को अपनी ज़िंदगी की पहचान नहीं बनने देती। वह विश्वास और साहस से बुनते हुए बुंदेला परिवार में अपनी एक अलग राह बनाती है। इस शो में ईशा पाठक, सावी ठाकुर और स्वाति शाह मुख्य भूमिका में हैं। अधिक जानकारी के लिए देखिए, हर रात 8:30 बजे सिर्फ़ सन नियो पर।

# 'रिश्तों से बंधी गौरी' की एक्ट्रेस ईशा पाठक ने गर्मी के मौसम में भारी लहंगे में हुई शूटिंग की चुनौतियों को किया साझा!

चमचमाते कपड़े, भव्य सेट और भावुक संगीत के साथ टीवी पर शादी का सीक्वेंस जितना खूबसूरत और रोमांटिक लगता है, लेकिन उसके पीछे का सफर काफी मुश्किलों से भरा होता है। सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में गौरी का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस ईशा पाठक इन दिनों शो के सबसे बड़े हाईपॉइंट, यानी गौरी और रुद्र की शादी की शूटिंग कर रहे हैं। हालांकि पर्दे पर वह एक खूबसूरत दुल्हन की तरह दिख रही हैं, लेकिन गर्मी में भारी लहंगा पहनकर शूट करना आसान नहीं है। ईशा ने शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया, "अभी शो में बहुत सारा ड्रामा चल रहा है और मेरे किरदार की शादी रुद्र से हो रही है। इस शादी के लिए मुझे जो लहंगा पहनाया गया है, वो बहुत भारी है और इस गर्मी में इसे पहनकर शूटिंग करना वाकई चुनौतीपूर्ण है। इतने भारी कपड़े पहनकर सीन शूट करना काफी मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी तो वॉशरूम जाने से पहले भी सोचती हूं कि अभी जाऊं या बाद में? और अगर सेट पर एसी ना हो या वेंटिलेशन कम हो, तो भारी कपड़ों के साथ गर्मी में घुटन सी महसूस होती है। लेकिन फिर भी हम मैनेज करते हैं क्योंकि दर्शकों से जो प्यार और सराहना मिलती है, वो सारी थकान भुला देती है।" ईशा ने आगे कहा, "जब हम ऐसे आउटफिट्स पहनते हैं, तो लंबे कंटीन्यूटी वाले सीन शूट करते हैं, ऐसे में कपड़े चेंज करने का ऑप्शन नहीं होता। एक बार पहन लिया तो फिर उसी में कम्फर्टेबल रहने और फोकस बनाए रखने के तरीके ढूंढने पड़ते हैं। ये आसान नहीं होता, लेकिन जो काम हम करते हैं उससे प्यार करते हैं और वही हमें ताकत देता है। चाहे जितनी भी मुश्किल हो, उसे निभाकर दिल को सुकून मिलता है।"'रिश्तों से बंधी गौरी ' की कहानी शुरू से ही ड्रामा, ट्विस्ट और इमोशन्स से भरपूर रही है। शुरुआत में गौरी, विरेंद्र से शादी करने के खिलाफ थी। लेकिन जगदंबा देवी ने उसे ऐसी स्थिति में ला खड़ा किया कि उसके पास कोई और रास्ता नहीं बचा।



# 'शर्म आनी चाहिए मां-बेटे के रिश्ते को...'

## लोगों के अश्लील कमेंट्स पर भड़की निशा रावल, वायरल वीडियो पर किया रिएक्ट



मशहूर टीवी एक्ट्रेस निशा रावल ने हाल ही में अपने 7 साल के बेटे कविश के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उन्हें खूब ट्रोल किया गया। अब निशा ने हाल ही में मुंबई में एक इवेंट के दौरान इस पर खुलकर बात की जहां उनका बेटा कविश भी साथ में था। वायरल वीडियो में पैपराती के सामने पोज देते वक्त कविश अपनी मां की छाती को चूमते नजर आते हैं और एक्ट्रेस अपने बेटे पर प्यार लुटाते दिखाई दी। मां-बेटे के इस रिश्ते को नेटिजन्स ने गलत तरीके से देखा और अश्लील कमेंट्स करने लगे। निशा ने अब ट्रोल करने वालों को करारा जवाब देते हुए खूब फटकार लगाई। एक्ट्रेस हाल ही में मुंबई में एक फैशन शो इवेंट में शामिल हुईं जहां उनसे वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया। इंस्टेंट बॉलीवुड से बात करते हुए निशा ने कहा, 'शर्म आनी चाहिए उन लोगों को जो एक मां-बेटे के रिश्ते को उस नजरिए से देखते हैं। उनकी सोच गलत है, इसलिए इस पर मुझे कोई सफाई नहीं देनी। उस बारे में क्या ही बोल सकते हैं?' रुबीना दिलैक के पॉडकास्ट पर, निशा ने खुलासा किया था कि उन्हें क्लिनिकल एंग्जायटी है और वे क्लिनिकली बाइपोलर भी हैं। साथ ही निशा ने यह भी दावा किया कि शादी के बाद करण मेहरा का चंडीगढ़ में शूटिंग के दौरान दिल्ली की एक लड़की के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर था। इस कपल ने 2012 में शादी की और 2017 में एक बेटे कविश का स्वागत किया। साल 2021 में, उन्होंने अपने पूर्व पति और एक्टर करण मेहरा पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए सुर्खियां बटोरी थीं। इसी साल दोनों अग हो गए थे। काम के बारे में बात करें तो निशा को आखिरी बार 2022 के रियलिटी शो लॉक अपः बैडस जेल, अत्याचारी खेल!

# वायरल वीडियो पर राधिका मदान का करारा जवाब...



## कहा- और कर लो यार

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों के चलते चर्चा में आ गई हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक एडिटेड वीडियो वायरल हुआ। इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर करने वाले ने दावा किया कि अभिनेत्री ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। हालांकि, यूजर्स ने इस दावे को खारिज कर दिया। वहीं, अभिनेत्री राधिका मदान ने भी इस पर करारा जवाब दिया। वायरल वीडियो में अभिनेत्री को बहुत ज्यादा बदला हुआ दिखाया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा है, 'कलर्स टीवी के लोकप्रिय शो की इशानी याद है? इतने सारे कॉस्मेटिक वर्क के बाद राधिका मदान अब पहचान में नहीं आती हैं।' पोस्ट में अभिनेत्री मौनी रॉय से तुलना करते हुए कहा गया, 'राधिका मदान ने वास्तव में मौनी रॉय से सीख ली है, नया चेहरा, नई वाइब।' वीडियो इंटरनेट पर आते ही तेजी के साथ वायरल होने लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स एडिट किए गए वीडियो के झांसे में आ गए और राधिका के इस बड़े बदलाव पर हैरानी जताई। हालांकि, राधिका मदान ने तुरंत जवाब दिया और आलोचना को मजाक में लिया। पोस्ट पर तीखी टिप्पणी करते हुए, उन्होंने लिखा, 'बस इतने ही आइब्रो ऊपर करे हैं एआई का इस्तेमाल करके? और कर लो यार...ये तो फिर भी नेचुरल लग रहा है।'

### राधिका मदान का वर्क फ्रंट

अभिनेत्री राधिका को 'मेरी आशिकी तुम से ही' में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने टीवी सीरियल से अपनी शुरुआत की और बाद में फिल्मों में काम किया। वह 'मर्द को दर्द नहीं होता', 'अंग्रेजी मीडियम', 'पटाखा', 'शिद्दत', 'मोनिका ओ माय डार्लिंग', 'कच्चे लिम्बू', 'कुत्ते', 'सजनी शिंदे का वायरल वीडियो', 'सरफिरा' और अन्य फिल्मों का हिस्सा रही हैं। उनके आगामी कार्यों की बात करें तो वह अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में नजर आएंगी।

# AI सुरक्षा : कैसे सुरक्षित रहें AI के खतरों से



निखिलेश तायल

आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। AI हमारी जिंदगी को आसान बना रही है, लेकिन इसके साथ कुछ खतरे भी जुड़े हुए हैं। AI सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे गलत जानकारी फैलाई जा सकती है या इसे गलत कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। आज हम कुछ ऐसे साइबर खतरों के बारे में जानेंगे जो AI से जुड़े हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है।

**1. प्रॉम्प्ट इंजेक्शन** : AI चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट्स सवालों के जवाब देते हैं, लेकिन कुछ लोग इन्हें गलत तरीके से इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। जब कोई व्यक्ति AI को इस तरह से सवाल पूछता है जिससे वह गलत या प्रतिबंधित जानकारी देने लगे, तो इसे 'प्रॉम्प्ट इंजेक्शन' कहा जाता है।

**कैसे बचें?**

- भरोसेमंद AI प्लेटफॉर्म ही इस्तेमाल करें।
- अनजाने लिंक या संदिग्ध वेबसाइट्स पर AI चैटबॉट्स का उपयोग न करें।



**2. जेलब्रेकिंग** : AI में सुरक्षा नियम होते हैं ताकि यह सही जवाब दे और गलत कामों में इस्तेमाल न हो। लेकिन कुछ लोग AI के इन सुरक्षा नियमों को तोड़ने की कोशिश करते हैं, जिसे 'जेलब्रेकिंग' कहते हैं। उदाहरण के लिए, अगर AI को किसी गैरकानूनी काम में मदद करने के लिए मजबूर किया जाए, तो यह जेलब्रेकिंग कहलाता है।

**कैसे बचें?**

- ऐसे AI टूल्स का इस्तेमाल करें जिनमें मजबूत सुरक्षा हो।
- AI का उपयोग सही जानकारी और नैतिक उद्देश्यों के लिए करें।

- डेटा चोरी और फर्जी जानकारी (Data Theft & Misinformation)
- AI सिस्टम यूजर्स के डेटा को प्रोसेस करते हैं। अगर ये डेटा गलत हाथों में चला जाए तो इसका दुरुपयोग हो सकता है।

**कैसे बचें?**

- मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें।
- AI से मिलने वाली जानकारी की दोबारा जांच करें।
- डीपफेक और नकली तस्वीरें (Deepfake & Fake Images)
- AI की मदद से किसी की नकली आवाज या वीडियो बनाया जा सकता है, जिससे झूठी खबरें और धोखाधड़ी फैल सकती है।

**कैसे बचें?**

- अनजान स्रोत से मिली तस्वीरों और वीडियो पर तुरंत भरोसा न करें।
- संदिग्ध कंटेंट की सच्चाई जांचने के लिए सरकारी या आधिकारिक वेबसाइट्स पर पुष्टि करें।

**निष्कर्ष:** AI हमारी जिंदगी को बेहतर बना सकता है, लेकिन अगर इसे सावधानी से न इस्तेमाल किया जाए तो यह नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और सही तरीके से AI का इस्तेमाल करना होगा ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और खतरों से बच सकें।

## चार मई को लखनऊ में होगा मुकाबला

# धर्मशाला में सात दिन नेट प्रैक्टिस करेगी पंजाब

एजेंसी ● धर्मशाला

आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी।

लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी।

### नौ मई को धर्मशाला पहुंचेगी मुंबई

इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मैचों के बीच पंजाब की टीम सात दिन अभ्यास करेगी। बाकी टीमें एक या दो दिन अभ्यास के बाद मैच खेलेंगी।



## रोहित शर्मा से बैट लेने की फिराक में थे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह बैट मांगने के लिए बदनाम हैं। मौका मिलते ही वो अपने सीनियर खिलाड़ियों से बैट मांगने चले जाते हैं। आईपीएल के पिछले सीजन वह विराट कोहली के पीछे बैट के लिए पड़े हुए थे। अब आईपीएल 2025 में उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को पकड़ लिया। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इसका वीडियो शेयर किया है।मैच के बाद रिंकू सिंह रोहित शर्मा से बैट मांगने के लिए मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में पहुंच गए। रोहित अपना बैट देख रहे थे और रिंकू उनके पास ही खड़े थे। इस पर तिलक वर्मा ने मजाक में कहा, 'खुद के नाम का इतना अच्छा बैट है, फिर भी बैट मांगता है देखो!

## 5 खिलाड़ी जिनकी सैलरी 10 करोड़ रुपए से ज्यादा

**नई दिल्ली।** आईपीएल में फ्रेंचाइजी किसी खिलाड़ी को मोटी रकम देती है तो उससे उम्मीद भी काफी ज्यादा करती है। फ्रेंचाइजी चाहती है कि वो खिलाड़ी उसके लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन करे। अपनी बल्लेबाजी या गेंदबाजी के बूते मैच का रुख बदल दे। हालांकि हर सीजन ऐसा होता है कि मोटी रकम पाने वाले कई खिलाड़ी फेल रहते हैं। आईपीएल 2025 में भी कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 10 करोड़ से ज्यादा सैलरी मिल रही लेकिन अभी तक फेल रहे हैं। हम आपको 5 ऐसे ही नाम बताने जा रहे हैं।यशस्वी जायसवाल को राजस्थान रॉयल्स ने रिटेन किया था। टीम अभी तक 3 मैच खेल चुकी है और यशस्वी का बल्ला सभी में शांत रहा है। तीनों मैचों में वह सलामी बल्लेबाज करने उतरे और अभी तक 34 रन ही बना पाए हैं। इसमें 29 रन तो एक ही मैच में केकेआर के खिलाफ बनाए थे।केकेआर ने स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल को रिटेन किया था। 12 करोड़ रुपये में रिटेन होने वाले रसेल का प्रदर्शन अब तक 30 लाख वाले खिलाड़ी जैसा भी नहीं रहा है।

## वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीकी टीम करेगी भारत का दौरा

**नई दिल्ली:** अभी भारतीय टीम के खिलाफ आईपीएल में खेल रहे हैं। इस बीच बीसीसीआई आईपीएल के बाद होने वाले इंटरनेशनल मैचों की तैयारी भी कर रही है। हाल में ही भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल आया था। अक्टूबर-नवंबर में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया जाने वाली है। इसके साथ ही वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीमें भी अक्टूबर से दिसंबर के बीच भारत का दौरा करेगी। इस बीच भारत में कुल 12 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जाएंगे।

## टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान भी बने

# पंजाब को शुरूआती दो मैच जिताने वाले चौथे कप्तान बने श्रेयस अय्यर

एजेंसी ● नई दिल्ली



पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में आईपीएल 2025 की अच्छी शुरूआत की है और अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराकर इस सत्र की अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### चौथी बार सीजन में जीते शुरूआती दो मैच

पंजाब ने चौथी बार सत्र की शुरूआत में दो मुकाबले जीते हैं। इससे पहले टीम ने 2014, 2017, 2023 में शुरूआती दो मुकाबले जीते थे। लगातार दो मैचों में जीत के साथ पंजाब अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके साथ ही श्रेयस अय्यर पंजाब के चौथे कप्तान बन गए जिनके नेतृत्व में टीम ने आईपीएल सीजन के शुरूआती दो मैच अपने नाम किए हैं। अय्यर से पहले 2014 में जॉर्ज बेली, 2017 में ग्लेन मैक्सवेल और 2023 में शिखर धवन के नेतृत्व में पंजाब ने लगातार दो मैच जीते थे।

**लखनऊ में दर्ज की दूसरे सबसे बड़ी जीत-** पंजाब ने 22 गेंद शेष रहते ही यह मुकाबला अपने नाम कर लिया था जो लखनऊ में गेंदों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इकाना स्टेडियम पर आईपीएल में ज्यादा गेंद शेष रहते लक्ष्य प्राप्त करने का रिकॉर्ड लखनऊ सुपर जाएंट्स के नाम है जिसने 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 24 गेंद शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली थी। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सीजन लखनऊ के खिलाफ 11 गेंद शेष रहते जीत हासिल की थी।

### दो मैचों बाद पंजाब के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे कप्तान

श्रेयस अय्यर बल्ले से भी अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं और उन्होंने लगातार दो मैचों में अर्धशतक जड़ा है। पहले मैच में श्रेयस 97 रन बनाकर नाबाद रहे थे, जबकि लखनऊ के खिलाफ भी वह 52 रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रेयस इस तरह दो आईपीएल मैचों के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले पंजाब के दूसरे कप्तान बन गए हैं। श्रेयस अब तक 149 रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में मयंक अग्रवाल, ग्लेन मैक्सवेल और युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है। श्रेयस से आगे बस केएल राहुल हैं जिन्होंने पंजाब के कप्तान रहते शुरूआत दो मैचों में 153 रन बनाए थे।

## अभी उन्हें फिट घोषित नहीं किया गया

# बुमराह की वापसी का मुंबई को अभी और करना पड़ेगा इंतजार

एजेंसी ● नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी और वक्त लग सकता है। उन्होंने अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सलेंस (सीओई) की तरफ से पूरी तरह फिट नहीं घोषित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश दीप जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं।

कब होगी बुमराह और आकाश दीप की वापसी? टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह पूरी तरह फिट हैं लेकिन बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि तेज गेंदबाज के वर्कलोड में वृद्धि उनके लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। इसलिए फिलहाल उन्हें बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सलेंस (सीओई) में ही रहने की सलाह दी गई है। अप्रैल के मध्य तक वह वापसी कर सकते हैं। इसके अलावा ईएसपीएनक्रिकइनफो की रिपोर्ट में बताया गया है कि तेज गेंदबाज आकाश दीप बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से जुड़ सकते हैं। वह शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में खेलते नजर आ सकते हैं।

बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने बुमराह की हेल्थ पर बात करते हुए कहा- बुमराह की चोट थोड़ी गंभीर है। मेडिकल टीम यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर न हो। बुमराह खुद भी सावधानी बरत रहे हैं। वह सीओई में गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन पूरी तरह से फिट होने में उन्हें अधिक समय लग सकता है। अभी तक कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि वह अप्रैल के मध्य तक फिट हो जाएंगे।

बुमराह जनवरी 2025 से प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेल सके हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम मैच में खेले थे। हालांकि, उन्होंने सिर्फ पहली पारी में गेंदबाजी की थी इसके बाद वह आगे नहीं खेल सके थे। बुमराह को शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी चुना गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह हर्षित राणा को मौका दिया गया। बुमराह आईपीएल के 18वें सीजन के लिए अब तक मुंबई टीम से नहीं जुड़े हैं, लेकिन उनके गेंदबाजी शुरू करने बाद उम्मीद लगी है कि वह जल्द ही मैदान पर वापस लौट सकते हैं। आकाश दीप भी पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हुए थे। उन्हें पीठ में चोट आई थी। दिसंबर से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।

## गोवा से खेलने का लिया फैसला

### घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम का साथ छोड़ेंगे यशस्वी

मुंबई। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम का साथ छोड़ने का फैसला लिया है। यशस्वी इसी टीम की बदौलत राष्ट्रीय टीम में अपनी पहचान स्थापित कर सके हैं। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए मुंबई टीम छोड़ने का फैसला लिया है। यशस्वी ने मंगलवार को मुंबई क्रिकेट संघ को पत्र लिखा और मुंबई के बजाए गोवा के लिए खेलने की इच्छा जताई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने यशस्वी की इस मांग को स्वीकार कर लिया है। 23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी अब 2025-26 सीजन में गोवा के लिए खेलेंगे। मुंबई क्रि-केट संघ के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, हां, यह आश्चर्यजनक है। उसने कुछ सोचकर ही यह कदम उठाया होगा। उसने हमने कहा कि उसे रिलीज कर दिया जाए और हमने उसका अनुरोध मान लिया। यशस्वी आखिरी बार मुंबई के लिए जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23-25 जनवरी के बीच रणजी ट्रॉफी के लीग मैच में खेले थे। उन्होंने चार और 26 रन बनाए, जबकि मुंबई को टूनार्मेंट के इतिहास में पहली बार जम्मू कश्मीर ने पांच विकेट से हराया था।

## पंत की कप्तानी में लखनऊ की दूसरी हार

# मालिक संजीव गोयनका भड़के, फैंस कर रहे सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल

एजेंसी ● लखनऊ



आईपीएल 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 7 विकेट के नुकसान पर 171 रन का टारगेट सामने रखा। जिसे पंजाब ने 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। यह लखनऊ की इस सीजन में तीन मैचों में दूसरी हार है। अपने पहले मैच में टीम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं दूसरी मैच में टीम ने हैदराबाद को हराया था।

लखनऊ सुपर जाएंट्स की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका गुस्से में नजर आए। उन्होंने ग्राउंड पर छरऋ के कप्तान रिषभ पंत को सबके सामने फटकार लगाई। उसके बाद वे ड्रेसिंग रूम में भी पंत से कुछ बात करते नजर आए।इस सीजन तीन मैचों में पंत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पंत 3 पारियों में कुल 17 रन ही बना सके हैं। वे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वहीं उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ 15 और पंजाब के खिलाफ 2 रन बनाए।रिषभ पंत क्ढछ इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने नवंबर 2024 के मेगा ऑक्शन में 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इतनी रकम मिलने के बावजूद इस सीजन में उनके निराशाजनक प्रदर्शन से फैंस नाखुश हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर पंत को ट्रोल करना शुरू कर दिया है। मीम्स के जरिए उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। कोई उन्हें 27 करोड़ का पहलवान कह रहा है तो कोई उन्हें ड्रॉप करने की बात कह रहा है।

### लखनऊ का अगला मैच 4 अप्रैल को

लखनऊ अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। मैच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। फिलहाल छरऋ 2 पॉइंट्स के साथ पॉइंट टेबल में 9वें स्थान पर है।

# सिर्फ नेट्स में ही चौके-छक्के उड़ा रहे हैं विराट कोहली

**बेंगलुरुः** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 14वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने कोहराम मचा दिया। मुकाबले में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। गुजरात के लिए पारी का पहला ओवर मोहम्मद सिराज लेकर आए थे। सिराज के बाद टीम के लिए अरशद खान दूसरा ओवर करने आए। अपने ओवर के चौथी ही गेंद पर उन्होंने विराट कोहली को प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच आउट कर गुजरात को एक बड़ी सफलता दिला दी।

इस तरह विराट कोहली 6 गेंद में 7 रन बनाकर आउट हुए।बता दें कि दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है, लेकिन अपने घर में ही आरसीबी की हालत खराब हो गई है। गुजरात की कसी हुई गेंदबाजी के आगे आरसीबी ने 50 रन के भीतर अपने नाम 4 विकेट गंवा दिए। विराट के अलावा गुजरात के खिलाफ इस मैच में ओपनर बल्लेबाज फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिकल भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके।आईपीएल 2025 में रजत पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी ने धमाकेदार शुरूआत की है। टीम ने अपने पहले दो मैच में दमदार जीत हासिल कर पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर अपनी जगह बनाई है। सिर्फ इतना ही नहीं, आरसीबी ने अपने ये दोनों मैच अच्छे रन रेट से भी जीता है। यही कारण है कि बाकी के अन्य टीम उससे फिलहाल पीछे हैं।

# गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानीः दिसंबर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला; वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ● नई दिल्ली

टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसंबर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवंबर-दिसंबर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी।टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (हळ्ड) का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी।ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है। 18 नवंबर से नई दिल्ली में पहला टेस्ट और 26 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बॉल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं।



30 नवंबर से 6 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच 3 वनडे होंगे। इनकी मेजबानी रांची, रायपुर और वाइजैग को मिली है। 9 से 19 दिसंबर तक दोनों टीमें 5 टी-20 खेलेंगी। इनकी मेजबानी कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद को मिली है।मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम को पहली बार किसी मेंस इंटरनेशनल मैच की मेजबानी मिली। यहां इसी साल विमेंस वर्ल्ड कप का फाइनल खेला जाएगा। वर्ल्ड कप के बाद स्टेडियम में मेंस टी-20 होगा। मुल्लांपुर में अब तक घरेलू मुकाबले ही खेले गए, यह क्ढछ में पंजाब किंग्स टीम का होमग्राउंड भी है।25 मई को क्ढछ खत्म होगा। इसके बाद 20 जून से टीम इंडिया को इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज 4 अगस्त तक चलेगी। 5 मुकाबले लीड्स, बर्मिंघम, लॉर्ड्स, मैनचेस्टर और द ओवल के मैदानों पर खेले जाएंगे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (एउइ) ने इसी सप्ताह बताया कि बोर्ड पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने वाला है। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी कहा जाता है। 2007 में इसकी शुरूआत हुई थी, लेकिन 2025 में ट्रॉफी का नाम बदल दिया जाएगा। नया नाम क्या होगा, यह अब तक तय नहीं हुआ।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 16 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com





**दिल्ली कूच की तैयारी...**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों का एक वर्ग, पश्चिम बंगाल से आगे अपना आंदोलन बढ़ाने के लिए दिल्ली के लिए बस में सवार होने से पहले, कोलकाता में है। शिक्षकों की योजना जंतर-मंतर पर धरना देने की है।

## शॉट न्यूज

### पॉपुलर अमेरिकी शो में अपनी खिल्ली उड़ती देख ट्रंप आगबबूला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पॉपुलर शो 60 मिनट्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जमकर खिल्ली उड़ाई गई। इस घटना ने ट्रम्प को भड़का दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह शो हर हफ्ते उनका नाम "अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके" से लेता है। उन्होंने कहा कि इस बार का प्रसारण तो सभी हदें पार कर गया। उन्होंने इसकी कीमत चुकानी की बात कही है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Truth Social पर लिखा, "लगभग हर सप्ताह '60 मिनट्स' मेरे नाम को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, लेकिन इस वीकेंड का 'ब्रॉडकास्ट' अब तक का सबसे बुरा था।" उन्होंने अमेरिका के फेडेरल कॉम्यूनिकेशन कमिशन के चेयरमैन ब्रेंडन कार से सीबीएस चैनल पर "अवैध और गैरकानूनी व्यवहार" के लिए अधिकतम जुर्माना और सजा देने की मांग की। सीबीएस नेटवर्क ने इस पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### पिटबुल ने बच्ची पर किया हमला, मौत

**कोलंबस।** अमेरिका के कोलंबस में 7 महीने की बच्ची पर घर के तीन पालतू पटिबुल कुत्तों में से एक ने हमला कर दयिा। इस हमले में बच्ची की मौत हो गई। स्थानीय पुलसि अधकारी के मुताबकि मृतक बच्ची के ऊपर पालतू कुत्ते ने हमला कर दयिा था। उस परविार के तीनों कुत्तों को फ्रैंकलनि काउंटी एनमिल कंट्रोल यूनटि द्वारा हरिासत में ले लयिा गया है। जांच पूरी हो जाने के बाद उनके साथ क्या कयिा जाना है इसका फैसला कयिा जाएगा। बच्ची की मां मैकेंजी कोपले ने सोशल मीडयिा पर लखिा, 'मैं शायद यह कभी नहीं समझ पाऊंगी कि ऐसा क्यों हुआ... क्योंकि तीनों पालतू कुत्ते हमेशा मेरे परविार का हसि्सा रहे और बच्ची के पैदा होने के बाद से उसके साथ ही रहते थे।' मैकेंजी ने कुत्तों के साथ एलजिा की तस्वीरें भी साझा की, जसिमें वह कुत्तों के साथ लपिटी हुई नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद से मैं काफी टूट गई हूं।

### विदेश मंत्री बोले- विदेशियों को अधिकार नहीं, वीजा रद्द कर सकते हैं

# हमास-हिजबुल्लाह का सपोर्ट करने पर अमेरिका में होगी कार्रवाई

**एजेंसी ● वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सभी वीजा धारकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उन्होंने अभिव्यक्ति की आजादी और फ्री स्पीच के नाम पर हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का समर्थन किया तो एक्शन लिया जाएगा। मार्को रूबियो ने कल एक न्यूज आर्टिकल में लिखा- विदेशी नागरिकों के पास अमेरिका आने का

**कार्रवाई**

अधिकार नहीं है, बल्कि यह तो अमेरिकी कानून और मूल्यों का सम्मान करने वालों को सरकार की तरफ से दिया जाने वाला विशेषाधिकार है। उन्होंने लिखा- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दशकों पहले ही साफ कर दिया था कि वीजा धारक या अन्य विदेशी, हमास या हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों का समर्थन करने या अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन करने के लिए संविधान के प्रथम संशोधन का इस्तेमाल नहीं कर सकते। ऐसा करने पर उन्हें परिणाम भुगतने होंगे - जिसमें वीजा रद्द करना या डिपोर्ट करना शामिल है।



### एफ-1, एच-1 बी वीजा और ग्रीन कार्ड होल्डर्स को चेतावनी

सेक्रेटरी रुबियो ने आरोप लगाया कि फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी, जो ज्यादातर विदेशी हैं, अमेरिकी कॉलेज कैंपस बंद कर देते हैं। उन्होंने उन पर यहूदी छात्रों को परेशान करने का भी आरोप लगाया। ऐसे ही कुछ विरोध प्रदर्शन अमेरिका की कंपनियों में भी हुए थे। सबसे हालिया विरोध प्रदर्शन टेक दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में हुआ था। सभी वीजा होल्डर्स को चेतावनी देते हुए रुबियो ने लिखा- चाहे वह H-1B वीजा हो, F-1 वीजा हो और यहां तक कि जिनके पास ग्रीन कार्ड है, वो समझ लें ट्रम्प सरकार इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ट्रम्प विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी का इस्तेमाल जारी रखेंगे।

### वीजा अधिकार नहीं बल्कि विशेषाधिकार है

रुबियो ने कहा कि वीजा धारकों को हर दिन खुद को अमेरिका में रहने लायक साबित करना होगा। वीजा एक अधिकार नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार है। यह उन लोगों के लिए है जो अमेरिका को बेहतर बनाते हैं, न कि इसे अंदर से तबाह करना चाहते हैं। मार्को रुबियो की यह चेतावनी ऐसे वक्त पर आई है जब हाल ही में अमेरिका ने नए वीजा नियमों की घोषणा की है। 11 अप्रैल से लागू नए नियमों के मुताबिक सभी विदेशी नागरिकों को अमेरिका में अपना पासपोर्ट, वीजा परमिट और ग्रीन कार्ड हर समय साथ रखना होगा। ये सभी प्रकार के वीजा के लिए लागू हैं, जिनमें F-1 वीजा, H-1B वीजा और ग्रीन कार्ड होल्डर शामिल हैं।

### जेलेंस्की के यूक्रेन आने के न्योते को ठुकराया

# यूक्रेन वॉर जो बाइडेन का युद्ध, मेरा नहीं : डोनाल्ड ट्रम्प



**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से यूक्रेन आने के न्योते पर कहा कि रूस यूक्रेन का युद्ध बाइडेन का युद्ध है, मेरा नहीं। दरअसल हाल ही में रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसमें 34 लोगों की मौत हुई है। इस पर जेलेंस्की ने ट्रम्प से कहा कि किसी भी फैसले से पहुंचने से पहले और किसी भी तरह की बातचीत से पहले, आम लोगों, सैनिकों, हॉस्पिटल और चर्चों में तबाही देखने यूक्रेन आएं। इस पर ट्रम्प ने कहा कि इस युद्ध से मेरा कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन मैं मौत और तबाही को रोकने के लिए पूरी लगन से काम कर रहा हूं। अगर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली नहीं हुई होती, तो यह भयानक युद्ध कभी नहीं होता। राष्ट्रपति जेलेंस्की और बाइडेन ने इस लड़ाई को शुरू होने दिया। इसे शुरू होने से पहले रोकने के बहुत सारे तरीके थे। लेकिन अब यह सब बीते वक्त की बात है। अब हमें इसे जल्दी से जल्दी इसे रोकना होगा। इससे पहले ट्रम्प ने यूक्रेन के शहर सूमी पर रूसी हमले के कमतर आंकते हुए कहा था कि यह एक गलती थी। मुझे लगता है कि पूरा युद्ध एक भयानक बात है। जबकि रूस ने सूमी हमले में किसी भी भूमिका से इनकार किया है और कहा कि रूसी सेना सिर्फ मिलिट्री ठिकानों पर हमला करती है।

### बॉर्डर पर ही लग जाता है ट्रेनों में ब्रेक

# पाक में बलूच आर्मी का खौफ, ट्रेनों के पहिए थमे

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में बलूच विद्रोही संगठन का खौफ ऐसा पसरा है कि ट्रेनों का संचालन ही रात के समय बलूचिस्तान में बंद कर दिया गया है। कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस ट्रेन को जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसकी वजह यह थी कि सुरक्षा को

**ऑपरेशन**

लेकर डर था। पिछले दिनों बलूच विद्रोहियों ने करीब 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को ही अगवा कर लिया था। करीब 24 घंटे चले ऑपरेशन के बाद बलूच विद्रोहियों ने इन लोगों को छोड़ा था और उससे पहले करीब 10 पंजाबियों को गोली मार दी थी। अब भी बलूचिस्तान में खौफ की स्थिति है और पाकिस्तान रेलवे यहां रात में ट्रेनें चलाने से बच रहा है। ऐसे ही रविवार रात को जब बोलान एक्सप्रेस जैकबाबाद पहुंची तो उसे रोक लिया गया।

रेलवे अधिकारियों ने सिंध प्रांत में आने वाले जैकबाबाद के स्टेशन मास्टर को आदेश दिया कि ट्रेन को रोक कर रखा जाए। अधिकारियों का कहना था कि ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन को सफर पर ले जाना ठीक नहीं रहेगा। हालात ऐसे बन गए कि इस ट्रेन में सवार करीब 150 यात्रियों को जैकबाबाद पर उतार ही लिया गया और उन्हें बसों एवं अन्य वैकल्पिक साधनों से क्वेटा पहुंचाया गया। पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलोच ने कहा कि बोलान मेल को कई घंटे तक खड़ा रखा गया। इसकी वजह थी कि आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस ही नहीं मिल पाया। ऐसे में असुरक्षा का रिस्क लेते हुए ट्रेन को आगे बढ़ाना सही नहीं समझा गया।यही नहीं यात्रियों को जिन बसों से रवाना किया गया, उनमें भी कड़ी सुरक्षा थी। सीईओ ने कहा कि रात के समय यह रेल जैकबाबाद पहुंची थी। यदि इसे आगे भेजा जाता तो देर रात में Sibi पहुंचती। इसलिए यात्रियों को सुबह तक इंतजार करने के लिए कहा गया।



### रेल यात्री भड़के- सुरक्षा देना किसकी जिम्मेदारी

आखिर ट्रेनों को पूरी सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही है। इस तरह रेल सफर को बीच में ही रोकना सरकार और प्रशासन की नाकामी को दिखाता है। फिलहाल जानकारी मिली है कि मंगलवार से बोलान मेल की टाइमिंग ही बदलने की तैयारी है। अब यह ऐसे समय पर गुजरेगी कि बलूचिस्तान में उसे रात का सफर ही न करना पड़े। अब यह ट्रेन दोपहर 3 बजे ही कराची से रवाना हो जाएगी। फिलहाल इसकी टाइमिंग शाम को 7 बजे की है।"

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)